दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



सालार के दूसरे ट्रेलर्स में दिखी जिगरी दोस्त.........



बांग्ला काबुलीवाला में आएंगे नजर...

वर्ष : 10 | अंक : 11 | लखनऊ, 20 दिसम्बर, बुधवार 2023 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

**मौसम**

अधिकतम तापमान 22.c

न्यूनतम तापमान 9.c

**बाजार**

सोना 5510/ g

चांदी 73.50/ g

सेंसेक्स 69,825.60

निफ्टी 20,969.40

# पीएम मोदी ने विपक्ष के रवैये पर जताया दुख

## कहा- ये हताशा और बौखलाहट तीन राज्यों में हार से है

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को बीजेपी सांसदों को विपक्ष की आलोचना का जवाब देते समय मयार्दा बनाए रखने की सलाह दी। वह 2023 की आखिरी संसदीय दल की बैठक को संबोधित कर रहे थे।पीएम ने संसद में विपक्ष के रवैये पर भी दुख जताया। उन्होंने कहा कि विपक्ष की हताशा और बौखलाहट तीन राज्यों में हार से है।उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि विपक्ष प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से युवाओं द्वारा किये गये सुरक्षा उल्लंघन का समर्थन कर रहा है जो दुर्भाग्यपूर्ण है।उन्होंने कहा कि गठबंधन का लक्ष्य मोदी को हटाना है लेकिन सरकार का मकसद देश का विकास करना है।

पीएम मोदी ने संसद में विरोध प्रदर्शन को लेकर विपक्षी दलों पर निशाना साधा और कहा कि उनके आचरण से यह सुनिश्चित होगा कि 2024 के लोकसभा चुनावों में उनकी संख्या और कम हो जाएगी जबकि भाजपा को संख्या में फायदा होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र और लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास रखने वाले हर व्यक्ति को जो कुछ हुआ उसकी सामूहिक रूप से निंदा करनी चाहिए थी। प्रधानमंत्री ने भाजपा सदस्यों से संयम बनाए रखने और लोकतांत्रिक मानदंडों का पालन करने को कहा है।

2024 के लोकसभा चुनावों के लिए भाजपा के खिलाफ अपनी रणनीति तैयार करने के लिए मंगलवार को इंडिया ब्लॉक पार्टियों की बैठक में मोदी ने कहा कि उनका लक्ष्य उनकी सरकार को उखाड़ फेंकना है, लेकिन उनकी सरकार का लक्ष्य देश के लिए उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करना है। उन्होंने बीजेपी सांसदों को सत्र के बाद सीमावर्ती गांवों का दौरा करने की भी सलाह दी।पीएम की चिंताओं के बारे में बात करते हुए बीजेपी नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा, "...पीएम मोदी ने कहा कि आज संसद के लिए 2023 की आखिरी मंगलवार की बैठक है।हॉल में लगभग 2.5 ब्लॉक बीजेपी सांसदों से भरे हुए हैं, 2024 तक पूरा ब्लॉक भर जाएगा." बीजेपी सांसदों से भरा हो...इंडिया गठबंधन का मकसद पीएम मोदी की सरकार को सत्ता से बाहर करना है लेकिन हमारा मकसद देश का भविष्य उज्ज्वल करना है..."

# अब दूसरे राज्यों में अपने उत्पाद बेच सकेंगे उत्तर प्रदेश के किसान , मंत्रिमण्डल ने दी मंजूरी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ,** उत्तर प्रदेश मंत्रिमण्डल ने राज्य के किसानों को दूसरे राज्यों में अपने उत्पाद बेचने का मौका देने के लिये मंडी नियमावली में संशोधन के प्रस्ताव को मंगलवार को मंजूरी दे दी। उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने मंत्रिमण्डल की बैठक के बाद संवाददाताओं को बताया कि अभी तक जो किसान उत्तर प्रदेश से बाहर अपना माल नहीं बेच सकते थे उन्हें अनुमति देने के लिए और खासतौर से उनकी आमदनी बढ़ाने के लिए मंडी उत्पादन 28 वां संशोधन–2023 को अमल में लाने के संबंध में प्रस्ताव आया था जिस पर मंत्रिमण्डल ने आज मुहर लगा दी। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से प्रदेश के किसान अपना माल राज्य के बाहर भी बेच सकेंगे और बाहर के किसान भी अपना माल उत्तर प्रदेश में बेच पाएंगे।वित्त मंत्री ने बताया कि मंत्रिमण्डल द्वारा लिये गये एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय के तहत उत्तर प्रदेश शासन वेतन वृद्धि से एक दिन पहले सेवानिवृत होने वाले न्यायिक अधिकारियों को एक वेतन वृद्धि का लाभ देने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी गयी।

खन्ना ने बताया कि उच्चतम न्यायालय ने 19 मई 2023 को एक निर्णय दिया था जिसमें कहा गया था कि वेतन वृद्धि से एक दिन पहले जो न्यायिक अधिकारी सेवानिवृत्त हुए हैं उन्हें पेंशन के उद्देश्य से इसे वेतन वृद्धि को अनुमन्य कर दिया जाए। उनके मुताबिक मंत्रिमण्डल ने एक अन्य निर्णय में देश में मोबाइल कनेक्टिविटी से वंचित गांवों में फोर 4 जी मोबाइल सेवाओं की उपलब्धता से सम्बन्धित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। खन्ना ने बताया कि सरकार की इस योजना के तहत प्रदेश के विभिन्न जिलों में 361 चिह्नि गांवों को लाने के वास्ते 226 स्थानों पर नए मोबाइल टावर स्थापित करने के लिए ग्राम सभा की 200 वर्ग मीटर जमीन जिला प्रशासन के माध्यम से भारत संचार निगम लिमिटेड को निशुल्क उपलब्ध करायी जाएगी।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहले घोषणा की थी कि लखनऊ स्थित संजय गांधी परास्नातक आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में एक पीडियाट्रिक सेंटर का निर्माण हो।उनके अनुसार इस सिलसिले में आज मंत्रिमण्डल के समक्ष एक प्रस्ताव आया, जिसे स्वीकार कर लिया गया। खन्ना ने बताया कि 573 बेड के इस अत्याधुनिक पेडियाट्रिक केंद्र का निर्माण दो चरणों में किया जाएगा। इसके निर्माण पर 199 करोड़ 10 लाख 52000 रुपए का खर्च अनुमानित है। इसे 24 महीने में तैयार किए जाने का प्रस्ताव आया था लेकिन मुख्यमंत्री ने इसे 18 माह में ही पूरा करने के निर्देश दिए हैं। पहले चरण में 308 बेड की इकाई तैयार की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### इस बार भी ईडी के सामने पेश नहीं होंगे केजरीवाल, राघव चड्ढा ने की पुष्टि

नई दिल्ली, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दिल्ली शराब नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तलब किया है। हालांकि, वह 10 दिवसीय विपश्यना ध्यान सत्र में जाने की अपनी योजना जारी रखेंगे। पार्टी नेता नेता राघव चड्ढा ने पुष्टि की। चड्ढा ने कहा कि आप सुप्रीमो के विपश्यना शिविर की योजना पहले से तय थी और नेताओं से कानूनी सलाह ली जा रही है।केजरीवाल लंबे समय से विपश्यना का अभ्यास कर रहे हैं, जो एक प्राचीन भारतीय ध्यान तकनीक है जिसमें अभ्यासकर्ता मानसिक कल्याण को बहाल करने के लिए लंबे समय तक संचार के किसी भी माध्यम से दूर रहते हैं और बेंगलुरु सहित कई ऐसे शिविरों में गए हैं।

आप नेता हर साल 10 दिन का विपश्यना कोर्स करते हैं।इस वर्ष का पाठ्यक्रम 19 से 30 दिसंबर तक निर्धारित है। इस बीच, ईडी ने अब खत्म हो चुकी दिल्ली शराब नीति में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के सीएम को 21 दिसंबर को पेश होने के लिए बुलाया है। केजरीवाल को यह दूसरा समन है।पहले उन्हें 2 नवंबर को जांच एजेंसी के सामने पेश होने के लिए कहा गया था। केजरीवाल ने नवंबर के समन को नजरअंदाज कर दिया था और इसे अवैध और राजनीति से प्रेरित बताया था। अप्रैल में दिल्ली शराब मामले के सिलसिले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने भी उनसे पूछताछ की थी।

### अल-सिसी ने जीता मिस्र के राष्ट्रपति का चुनाव, प्रधानमंत्री मोदी ने दी बधाई

मिस्र में पिछले नौ वर्षों से राष्ट्रपति के पद पर काबिज अब्देल फतह अल-सिसी ने लगातार तीसरी बार चुनाव जीतकर अगले छह वर्षों के लिए एक बार फिर से शीर्ष पद पर अपनी अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। चुनाव अधिकारियों ने सोमवार को अल सिसी की जीत की घोषणा की। अल सिसी के अलावा तीन अन्य उम्मीदवार राष्ट्रपति पद की दौड़ में शामिल थे।नेशनल इलेक्शन अथॉरिटी ने कहा कि अल-सिसी ने 89.6 फीसदी वोट हासिल कर राष्ट्रपति चुनाव में शानदार जीत हासिल की है। 6.70 करोड़ से अधिक पंजीकृत मतदाताओं में से 66.8 फीसदी ने मतदान किया था। चुनाव आयोग के प्रमुख हेजम बदावी ने एक टेलीविजन समाचार में आधिकारिक परिणामों की घोषणा करते हुए कहा, इस बार मतदान प्रतिशत मिस्र के इतिहास में सबसे अधिक रहा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी को तीसरी बार इस पद के लिए चुने जाने पर बधाई दी।प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, राष्ट्रपति चुनाव में जीत पर महामहिम अब्देल फतह अल-सिसी को हार्दिक बधाई। भारत-मिस्र रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने के लिए आपके साथ काम करने को उत्सुक हूं।

# चिकित्सा विभाग ने केरल में कुछ रोगियों में पाये गये नये वायरस संक्रमण के बाद समीक्षा बैठक की

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, राजस्थान में स्वास्थ्य विभाग ने हाल में केरल में कुछ रोगियों में पाए गए वायरस संक्रमण के बाद मंगलवार को एक समीक्षा बैठक की।चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने राजस्थान के चिकित्सा संस्थानों में आने वाले सर्दी और सांस की बीमारियों से पीड़ित मरीजों पर निगरानी रखने के निर्देश दिये हैं। एक आधिकारिक बयान में मंगलवार को बताया गया कि उन्होंने मरीजों की जानकारी रोजाना स्वास्थ्य पोर्टल पर अपलोड करने का भी निर्देश दिया।इसके साथ ही उन्होंने मरीजों की लगातार निगरानी करने और आवश्यकतानुसार परीक्षण के लिए नमूने लिए जाने के लिये भी निर्देश दिया। बैठक में निदेशक (जन स्वास्थ्य) डॉ. रवि प्रकाश माथुर, अतिरिक्त निदेशक ग्रामीण स्वास्थ्य रवि प्रकाश शर्मा, राज्य नोडल अधिकारी एवं एसएमएस मेडिकल कॉलेज के सूक्ष्म जीवविज्ञान (माइक्रोबायोलॉजी) विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित थे।बैठक में बताया गया कि केरल में पाए गए वायरस वेरिएंट के एक भी मरीज की पहचान राज्य में नहीं की गई है।अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में इस वैरिएंट का एक भी रोगी सामने नहीं आया है, लेकिन एहतियातन समस्त चिकित्सा संस्थानों में रोगियों के उपचार हेतु आवश्यक आइसोलेशन बैड, ऑक्सीजन बैड, आईसीयू बैड, वेन्टीलेटर, दवाइयों एवं जांच सुविधा आदि की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

# मणिपुर में बढ़ रही है टेंशन! सुरक्षा बलों ने संभाले हुए हैं हालात

## नये खतरे को भांपते हुए चुराचांदपुर में 2 महीने के लिए निषेधाज्ञा के आदेश

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, चुराचांदपुर मणिपुर का वो इलाका है जहां हिंसा की सबसे खतरनाक दृश्य देखे गये। मणिपुर के बारे में भले ही खबरें कम आती है लेकिन वहां के हालात ठीक नहीं है लगभग 8-9 महीनों से मणिपुर हिंसा की आग में जल रहा है।ताजा अपडेट में आदिवासी बहुल जिले में छिटपुट हिंसा की ताजा रिपोर्ट के बाद मणिपुर सरकार ने मंगलवार को चुराचांदपुर जिले में सीआरपीसी की धारा 144 के तहत दो महीने के लिए निषेधाज्ञा लागू कर दी।18 दिसंबर से धारा 144 लागू कर दी गई है और 18 फरवरी 2024 तक जारी रहेगी। निषेधाज्ञा के आदेश एक जनजातीय निकाय की उस घोषणा के बाद आए हैं जिसमें उन्होंने कहा था कि वे मंगलवार को जातीय संघर्ष के दौरान मारे गए जनजातीय लोगों को सामूहिक रूप से दफनाएंगे।

चुराचांदपुर स्थित एक प्रभावशाली आदिवासी निकाय, इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम (आईटीएफएल) ने राज्य में जातीय संघर्ष के दौरान मारे गए 60 से अधिक लोगों को सामूहिक रूप से दफनाने की घोषणा की। हिंसा में मारे गए 64 लोगों के शव गुरुवार को उनके परिवारों को सौंप दिए गए। मई की शुरूआत से ही शवों को सरकारी मुर्दाघरों में रखा गया था।

### मणिपुर हिंसा

अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मैतेई समुदाय की मांग के विरोध में 3 मई को पहाड़ी जिलों में 'आदिवासी एकजुटता मार्च' आयोजित किए जाने के बाद भड़की जातीय हिंसा के बाद से 150 से अधिक लोगों की जान चली गई है और 3,000 से अधिक घायल हुए हैं। हिंसा को नियंत्रित करने और राज्य में सामान्य स्थिति वापस लाने के लिए मणिपुर पुलिस के अलावा लगभग 40,000 केंद्रीय सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया था। अगस्त में, सुप्रीम कोर्ट ने राज्य में राहत और पुनर्वास पर गौर करने के लिए उच्च न्यायालय के तीन पूर्व न्यायाधीशों की एक समिति गठित की। समिति की रिपोर्ट में कहा गया है कि हिंसा के दौरान हुई कुल मौतों में से केवल 81 शवों का दावा किया गया था। नवंबर में, अदालत ने मणिपुर सरकार को उन शवों को दिसंबर तक दफनाने या दाह संस्कार की सुविधा देने का निर्देश दिया, जिनकी पहचान हो चुकी है और वे मुर्दाघर में लावारिस रह गए हैं।

# केंद्र के आंकड़ों पर ओडिशा सरकार ने कहा-10वीं में स्कूल छोड़ने की दर 49.9 प्रतिशत नहीं, 27 प्रतिशत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, ओडिशा सरकार ने मंगलवार को दावा किया कि 2021-22 में राज्य में 10वीं कक्षा में स्कूल की पढ़ाई छोड़ने की दर 27 प्रतिशत थी, न कि 49.9 प्रतिशत, जैसा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने एक दिन पहले लोकसभा में कहा था। ओडिशा स्कूल शिक्षा कार्यक्रम प्राधिकरण के निदेशक अनुपम शाह ने कहा कि केंद्र के आंकड़ों में 10वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद विभिन्न औद्योगिक प्रशिक्षण स्कूलों में दाखिला लेने वाले छात्रों की संख्या शामिल नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि स्कूल और जन शिक्षा विभाग जल्द ही स्कूल स्तर पर पढ़ाई छोड़ने वालों की संख्या के संबंध में अपना रुख स्पष्ट करेगा। बीच में पढ़ाई छोड़ने के लिहाज से 2021-22 में 10वीं कक्षा में ओडिशा में सबसे अधिक 49.9 प्रतिशत दर दर्ज करने को लेकर एक सवाल पर उन्होंने कहा कि केंद्र द्वारा जारी किया गया डेटा पुराना था।

शाह ने पीटीआई-भाषा से कहा, केंद्र द्वारा जारी आंकड़ों में विभिन्न औद्योगिक प्रशिक्षण स्कूलों में दाखिला लेने वाले छात्रों की संख्या शामिल नहीं है। ओडिशा में वर्तमान में (2022-23) स्कूल छोड़ने वालों की दर 17 प्रतिशत होगी। उन्होंने बताया कि ड्रॉपआउट दर की गणना एक वर्ष में कक्षा 11वीं में छात्रों की संख्या और पिछले वर्ष कक्षा 10वीं में समान छात्रों की तुलना करके की जाती है। अधिकारी ने कहा, हालांकि, 10वीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाले और राज्य भर के तकनीकी और व्यावसायिक स्कूलों, पॉलिटेक्निक और मुक्त विद्यालयों में प्रवेश लेने वाले छात्रों का कोई उल्लेख नहीं है।केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को लोकसभा को बताया कि 2021-22 तक कक्षा 10वीं में पढ़ाई छोड़ने वालों की दर 20.6 प्रतिशत थी और इस संबंध में ओडिशा सबसे खराब प्रदर्शन करने वाला राज्य है, जिसके बाद बिहार है।प्रधान ने अपने लिखित जवाब में कहा कि कक्षा 10वीं में ड्रॉपआउट दर ओडिशा में 49.9 प्रतिशत और बिहार में 42.1 प्रतिशत थी। इस बीच, विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस ने स्कूलों में बीच में पढ़ाई छोड़ने वालों की बढ़ती दर को लेकर राज्य की बीजू जनता दल (बीजद) नीत सरकार की आलोचना की। भाजपा नेता और विधानसभा में विपक्ष के मुख्य सचेतक मोहन चरण माझी ने कहा, कक्षा 10वीं के स्तर पर स्कूल छोड़ने वालों की सूची में ओडिशा शीर्ष पर है।

# देश गोवा की आजादी के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि देता है : राष्ट्रपति मुर्मू

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्र उन शहीदों को श्रद्धांजलि देता है जिन्होंने औपनिवेशिक शासन से गोवा की मुक्ति के लिए अपनी जान न्यौछावर कर दी थी और साथ ही उन्होंने इस खूबसूरत राज्य के निवासियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। गोवा मुक्ति दिवस 1961 में राज्य को पुर्तगालियों से आजाद कराने के लिए सशस्त्र बलों द्वारा चलाए ऑपरेशन विजय की सफलता की याद में हर साल 19 दिसंबर को मनाया जाता है।राष्ट्रपति कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, गोवा मुक्ति दिवस पर देश उन शहीदों को श्रद्धांजलि देता है जिन्होंने गोवा को औपनिवेशिक शासन से आजादी दिलाने के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे। हम स्वतंत्रता सेनानियों और हमारे सशस्त्र बलों का उनके अदम्य साहस और बलिदान के लिए सलाम करते हैं। मैं इस खूबसूरत राज्य के निवासियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूं।

# दिल्ली-मेरठ रैपिड रेल के लिए एडीबी देगा 25 करोड़ डॉलर का कर्ज

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, एडीबी ने विनिर्माण को अधिक प्रतिस्पर्द्धी बनाने और राष्ट्रीय आपूर्ति शृंखला को सशक्त करने के लिए औद्योगिक गलियारा विकास के लिए भी 25 करोड़ डॉलर के एक कर्ज को मंजूरी दी है।

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने दिल्ली-मेरठ रीजनल रैपिड रेल (आरआरटीएस) गलियारे के निर्माण और औद्योगिक गलियारे के विकास के लिए 25-25 करोड़ डॉलर के दो कर्जों को स्वीकृति दी है।

वित्त मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा कि 82 किलोमीटर लंबे आरआरटीएस गलियारे के निर्माण के लिए एडीबी 25 करोड़ डॉलर का वित्त मुहैया कराने जा रहा है।एडीबी ने वर्ष 2020 में आरआरटीएस के निर्माण के लिए 104.9 करोड़ डॉलर का वित्तपोषण कई चरणों में मुहैया कराने पर सहमति जताई थी।पहली किस्त में 50 करोड़ डॉलर का कर्ज दिया था। वित्त मंत्रालय में संयुक्त सचिव जूही मुखर्जी ने कर्ज समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद कहा कि इस निवेश से आरआरटीएस शहरी परिवहन में सुधार ला पाएगा और इससे महिलाओं एवं दिव्यांगों को भी आर्थिक लाभ होंगे।एडीबी ने विनिर्माण को अधिक प्रतिस्पर्द्धी बनाने और राष्ट्रीय आपूर्ति शृंखला को सशक्त करने के लिए औद्योगिक गलियारा विकास के लिए भी 25 करोड़ डॉलर के एक कर्ज को मंजूरी दी है। इस सबप्रोग्राम 2 से परिवहन, लॉजिस्टिक एवं शहरी सुविधाओं से औद्योगिक गलियारों को लैस करने में मदद मिलेगी। इसके पहले 25 करोड़ डॉलर का सबप्रोग्राम 1 कर्ज भी एडीबी ने अक्टूबर, 2021 में दिया था।

# यमन ने लाल सागर में उतारा मिसाइलों से भरा कंटेनर

**अमेरिका ने बढ़ाई फोर्स, अब भारतीय नौसेना ने समुद्री सुरक्षा के लिए उठाया ये कदम, चीन के उड़े होश!**

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, जहां अमेरिका ने लाल सागर में व्यापारी जहाजों को ईरानी समर्थित हौथी मिलिशिया से बचाने के लिए एक बहुराष्ट्रीय नौसैनिक बल का अनावरण किया है, वहीं भारत ने उत्तरी अरब सागर में समुद्री सुरक्षा के हिस्से के रूप में अदन के तट पर दो मिसाइल-निर्देशित विध्वंसक तैनात किए हैं। भले ही सरकार विकास के बारे में चुप्पी साधे हुए है, भारतीय नौसेना विध्वंसक आईएनएस कोच्चि लाल सागर के मुहाने पर सोमालियाई समुद्री डाकुओं के खिलाफ व्यापारी जहाजों को कम करने में शामिल है। भारत ने अदन के तट पर समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने के लिए एक और निर्देशित मिसाइल स्टील्थ विध्वंसक आईएनएस कोलकाता भी भेजा है।

सोमवार को, अमेरिका ने यमन में शिया हौथी समूहों द्वारा शुरू किए गए बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन हमलों से लाल सागर में समुद्री यातायात की रक्षा के लिए ऑपरेशन प्रॉस्पेरिटी गार्डियन की घोषणा की। गठबंधन में यूके, बहरीन, फ्रांस, नॉर्वे और अन्य देश शामिल हैं।

ईरान समर्थित हौथी मिलिशिया, जो अरब प्रायद्वीप में अल कायदा, इस्लामिक स्टेट और अंसार अल-शरिया जैसे आतंकवादी समूहों के समर्थन से यमन सरकार से लड़ रही है, वास्तव में हेलीकॉप्टर, बैलिस्टिक मिसाइलों और मिसाइलों के शस्त्रागार के साथ एक राज्य अभिनेता बन गई है। बाब अल-मंदब लाल सागर चोक-पॉइंट के पास दक्षिण यमन में स्थित, हौथी मिलिशिया गाजा में इजरायल को सैन्य अभियानों से रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय पर दबाव बनाने की योजना के तहत वाणिज्यिक जहाजों को निशाना बना रहा है।

जहां हौथिस लाल सागर में व्यापारिक जहाजरानी को निशाना बना रहे हैं, वहीं इस्लामवादी सोमालियाई समुद्री डाकू भारी फिरौती की रकम के लिए व्यापारी टैंकरों का अपहरण करके समस्या को और बढ़ा रहे हैं। माल्टा-ध्वजांकित टैंकर एमवी रुएन को वर्तमान में सोमालियाई समुद्री डाकुओं ने पकड़ लिया है और उसे मोगादिशू ले जाया गया है।

चीन द्वारा इंडो-पैसिफिक के एक छोर पर दक्षिण चीन सागर में नेविगेशन की स्वतंत्रता को प्रतिबंधित करने और मध्य-पूर्व क्षेत्र को अस्थिर करने वाले ईरानी प्रॉक्सी के कारण, संचार के समुद्री मार्ग खतरे में हैं और वैश्विक व्यापार पर गंभीर असर पड़ रहा है। हौथिस द्वारा व्यापारिक जहाजरानी पर किसी भी सफल बड़े हमले से लाल सागर के माध्यम से वैश्विक तेल प्रवाह पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा और कच्चे तेल की कीमतें बढ़ जाएंगी, जिससे वैश्विक संकट और बढ़ जाएगा। वैश्विक तेल आयात का लगभग 10 प्रतिशत प्रतिवर्ष लाल सागर से होकर गुजरता है।

## जालसाजों ने एटीएम कार्ड के जरिए खाते से 35 हजार रुपये की रकम करी पार, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनी नगर लखनऊ। सरोजनीनगर में जालसाजों ने 3 दिन पहले एक व्यक्ति के एटीएम कार्ड के जरिए उसके खाते से 35 हजार रुपये की रकम निकाल ली। पीड़ित ने इस मामले में सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सरोजनीनगर के कृष्णा लोक कॉलोनी फेज- वन निवासी वेद प्रकाश सिंह के मुताबिक बीती 16 दिसंबर को उन्होंने सरोजनीनगर के स्कूटर इंडिया चौराहा स्थित सेंट्रल बैंक के एटीएम से 7500 रुपये निकाले। लेकिन मशीन से अपना एटीएम कार्ड निकालना भूल गए। वेद प्रकाश का कहना है कि रात को मोबाइल पर देखने पर पता चला कि करीब 4:45 बजे 20 हजार और 10 हजार रुपये के ट्रांजैक्शन का ओटीपी नंबर उनके मोबाइल पर आया। लेकिन उन्होंने उसे नहीं किया। इसके बाद चार बार में उनके खाते से 35 हजार रुपये निकाल लिए गए। इसका मैसेज आने पर जब उन्हें जालसाजी की भनक लगी तो वेद प्रकाश ने सरोजनीनगर थाने में मामला दर्ज कराया है।

## पुलिस ने अवैध देशी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार करके भेजा जेल

अमन लेखनी समाचार

सरोजनी नगर लखनऊ। बिजनौर पुलिस ने गस्त के दौरान एक व्यक्ति के पास से काफी मात्रा में ले जाए जा रहे अवैध देशी शराब के क्वाटर बरामद किया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बिजनौर इंस्पेक्टर अरविंद सिंह राणा के मुताबिक सोमवार को उप निरीक्षक रामराज सिंह अपने हमराही सिपाहियों के साथ गस्त पर थे। तभी पूर्वाह्न करीब 11 बजे कासिम खेड़ा के पास हाथ में प्लास्टिक की बोरी लिए एक व्यक्ति उन्हें देखकर भागने लगा। लेकिन पुलिस टीम ने उसे दौड़ाकर धर दबोचा। बाद में तलाशी ली गई तो उसके पास बोरी के अंदर विंडीज ब्रांड के 200 एमएल के 10 देसी शराब के क्वार्टर बरामद हुए। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम कासिम खेड़ा निवासी लक्ष्मी नारायण बताया। पूछताछ में उसने बताया कि वह शराब ठेके से खरीद कर इन्हें ऊंचे दामों में बेचकर पैसा कमाता है। फिलहाल पुलिस ने बरामद शराब की सीसी अपने कब्जे में लेकर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए उसे जेल भेज दिया है।

# गर्भावस्था के जोखिम को समझें और बरतें सावधानी : डॉ. जैसवार

## रक्तस्राव, हाथ व चेहरे पर सूजन, धुंधला दिखायी देना, खतरे के प्रमुख लक्षण

### जरा सी चूक, कर सकती हैं गर्भस्थ शिशु को माँ से दूर

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ ।गर्भावस्था एक सामान्य एवं प्राकृतिक प्रक्रिया है। बहुत सी महिलाओं के लिए यह प्रक्रिया बिना किसी आपात स्थिति के सहज ही गुजर जाती है, लेकिन बहुत सी महिलाओं एवं उनके भ्रूण के लिए यह प्रक्रिया सहज नहीं होती।ऐसे में महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान होने वाले सभी खतरों के लक्षणों की जानकारी होना बहुत जरूरी है, जिससे कि वह समय पर इसके निदान के लिए चिकित्सक की मदद ले सकें।

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे- 5 (2019-21) के अनुसार लगभग 13 प्रतिशत भ्रूण गर्भ में ही खत्म हो गए थे, जिसमें आठ प्रतिशत महिलाओं का स्वाभाविक रूप से गर्भपात हो गया था और लगभग चार प्रतिशत महिलाओं को गर्भपात किन्हीं कारणों से कराना पड़ा। गर्भावस्था के दौरान कई ऐसी शारीरिक समस्याएं होती हैं जिनका निदान समय पर न होने से गर्भपात हो जाता है ।यह समस्याएं खतरे के लक्षण के रूप में दिखायी देती हैं।

क्वीन मैरी अस्पताल के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. एस पी जैसवार बताती हैं कि प्रत्येक गर्भवती और उसके परिवार को गर्भावस्था के दौरान होने वाले खतरों के लक्षणों को जानना आवश्यक होता है । इसके साथ ही उन सुझावों पर अमल करना जरूरी होता है जो कि चिकित्सक द्वारा दिए गए हैं। खतरे के लक्षणों में रक्तस्राव, हाथ व चेहरे पर सूजन, धुंधला दिखाई देना, झटके आना, बुखार, बदबूदार स्राव, रतौंधी, चक्कर आना, दौरे पड़ना, आदि प्रमुख हैं।

डॉ. जैसवार बताती हैं कि रक्तस्राव होने के कई कारण होते हैं। पहली तीमाही में रक्तस्राव होना गर्भपात की संभावना को पैदा करता है, कई बार यह एक्टोपिक प्रेगनेंसी के कारण होता है, यानि भ्रूण गर्भ में न ठहर कर बच्चेदानी की नली में ठहर जाता है ऐसी दशा में बिना देरी के गर्भपात ही कराना होता है दूसरी तीमाही में रक्तस्राव लो लाइन प्लेसेंटा यानि भ्रूण की दशा नीचे की तरफ होती है, वहीं तीसरी तीमाही में रक्तस्राव लो लाइन प्लेसेंटा या उच्च रक्तचाप की वजह से प्लेसेंटा अपनी जगह से हट जाता है ऐसी दशा में तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिऐ डॉ. जैसवार के अनुसार उच्च रक्तचाप, खून की कमी, दिल की बीमारी आदि की वजह से चेहरे पर सूजन आ जाती है, वहीं उच्च रक्तचाप और शुगर की वजह से गर्भवती को धुंधला दिखायी देता है यदि गर्भवती को थायरायड की समस्या है तो संभावना है कि बच्चा समय से पहले हो जायेगा, या मानसिक रूप से बीमार होता है गर्भवती और उसके परिवार को इन सभी लक्षणों की समझ होनी चाहिए, इसके लिए वह डॉक्टर से संपर्क कर सकते है, और किसी भी ऐसी स्थिति में डॉक्टर की सलाह के बिना कोई कदम नहीं उठाना चाहिए

## सपा से सिराज खान बने अधिवक्ता सभा के अध्यक्ष

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रहीमाबाद गांव के रहने वाले अधिवक्ता सिराज खान को समाजवादी अधिवक्ता सभा का विधानसभा सरोजनीनगर का अध्यक्ष नामित होने पर आसपास के लोगों समेत उनके शुभचिंतको ने उन्हें बधाई दी है समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निदेर्शानुसार व सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की अनुमति से समाजवादी अधिवक्ता सभा के प्रदेश अध्यक्ष सिकंदर यादव ने जिला अध्यक्ष जयंत सिंह व अधिवक्ता सभा के जिला अध्यक्ष अंजनी प्रकाश यादव ने नवनियुक्त अधिवक्ता सभा के विधानसभा अध्यक्ष को फूल माला पहनकर बधाई दी वही अधिवक्ता सिराज खान ने समाजवादी पार्टी का आभार जताते हुए कहा कि पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारी को पूरी मेहनत व ईमानदारी से निभाने का काम मै करूँगा।

## कैशलेस योजना के लिए इंदिरा नगर में लगा शिविर

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पण्डित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना चलाई जा रही है। इसका उद्देश्य प्रदेश के सरकारी सेवकों, सेवानिवृत्त सरकारी सेवकों तथा उनके आश्रित परिजनों को निःशुल्क सुविधा मुहैया कराना है। उत्तर प्रदेश के लगभग 22 लाख राज्य कर्मचारी एवं पेंशनर्स इस योजना के अंतर्गत आच्छादित हैं।

पण्डित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अंतर्गत आच्छादित पेंशनरों की समस्या के निवारण के लिए 17 दिसम्बर, 2023 को पेंशनर्स दिवस के अवसर पर 'आदर्श कोषागार, कलेक्ट्रेट लखनऊ' की ओर से , वित्तीय प्रबंध प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान इंदिरा नगर, लखनऊ में शिविर का आयोजन किया गया। इसका प्राथमिक उद्देश्य पेंशनर्स को सहायता प्रदान करना था। इसी क्रम में पण्डित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना में पेंशनर को आ रही समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए साचिज के मेडिकल ऑफिसर्स और टेक्निकल टीम ने एक शिविर का आयोजन किया। इसके माध्यम से 100 से अधिक लाभार्थियों की समस्याओं का समाधान किया गया। इन्हें कुछ तकनीकी समस्या के कारण स्टेट हैल्थ कार्ड बनने में समस्या आ रही थी। समस्या के समाधान के पश्चात स्टेट हेल्थ कार्ड जारी कर दिया गया। त्वरित मिली सुविधाओं से इस कार्यक्रम में आए पेंशनर्स ने खुशी जताई। पण्डित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना से सम्बंधित सभी सूचनाएं जानने के लिए ँ३३स्त्र२ः//शॄ३२.४स्त्रॅ.ङ्ग५.ल्ल/ पर विजिट करें।

## तीन डम्फर आपस में टकराये, एक चालक घायल



अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज।उदवतखेड़ा गांव के पास जेल मार्ग पर मगंलवार की सुबह गिट्टी लदे डम्फर को ओवरटेक करने के चक्कर में तीन डम्फर आपस में टकरा गयें।जिसके बाद जेल मार्ग पर बीच सड़क पर दुर्घटना होने के चलते वाहनो की कई किलोमीटर लम्बी कतारे लग गयी।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने डम्फर में फसें चालक प्यारेलाल निवासी अहेवा थाना अटरिया जनपद सीतापुर को बाहर निकलवाकर एम्बुलेंस की मदद से इलाज के लिये सीएचसी भेजा।जहां डाक्टर ने चालक की हालत गम्भीर देखते हुये इलाज के लिये ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।जब कि अन्य दो डम्फरो के चालक भी मामूली रूप से घायल हो गये।जिन्हे प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गयी।पुलिस ने क ई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद जेल मार्ग से दुर्घटनाग्रस्त डम्फरो को हटवाया तब जाकर सामान्य रूप से ट्रैफिक चालू हो सका ओर जाम समाप्त हुआ।अतिरिक्त इंस्पेक्टर रामबाबू सिंह ने अचानक ब्रेक लगाने से एक के पीछे एक तीन डम्फर टकराये है,एक डम्फर का चालक गम्भीर रूप से घायल हुआ था,जिसका इलाज जारी है।

## पीएनसी कंपनी की लापरवाही से रोड से गुजर रही एक बोलेरो के ऊपर गिरी लोहे की चादर

अमन लेखनी समाचार

सरोजनी नगर लखनऊ। कानपुर एलिवेटेड रोड निर्माण में लगी पीएनसी कंपनी द्वारा निर्माण कार्य में जमकर लापरवाही बरती जा रही है। आलम यह है कि रोड पर करीब 30 फीट ऊंचाई पर पिलर के दोनों ओर हो रही ढलाई के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं। जिससे आए दिन कार्य के दौरान कोई ना कोई लोहा नीचे गिरता रहता है। इसकी जद में आकर कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। ऐसा ही एक उदाहरण सोमवार को सरोजनीनगर के दरोगा खेड़ा में पेश आया। जहां कानपुर रोड से गुजर रही एक बोलेरो जीप के ऊपर काफी ऊंचाई से लोहे की चादर गिरने के कारण जीप बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इस मामले में पीएनसी कर्मचारियों के खिलाफ सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। महिंद्रा फाइनेंस कंपनी की एरिया कलेक्शन मैनेजर व इंदिरा नगर के मुंशी पुलिया निवासी आकांक्षी मिश्रा का कहना है कि उनकी कंपनी की गाड़ी महिंद्रा बोलेरो लोन रिकवरी के लिए सोमवार को कानपुर रोड से जा रही थी। तभी सरोजनीनगर के दरोगा खेड़ा में पीएनसी कंपनी द्वारा बनाए जा रहे कानपुर एलिवेटेड रोड निर्माण के दौरान वहां पर काम कर रही पोकलैंड मशीन से लोहे की भारी चादर अचानक बोलेरो पर गिर गई। आकांक्षी का कहना है कि यह सब पीएनसी के लापरवाही से हुआ और इससे बोलेरो में सवार तीन लोग तो सुरक्षित बच गए, लेकिन गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। ऐसे में बोलेरो पर सवार लोगों की जान भी जा सकती थी। फिलहाल आकांक्षी मिश्रा की तहरीर पर सरोजनीनगर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## जमीन बेचने वाले जालसाज समेत चार के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

मोहनलालगंज। सिसेंडी गांव निवासी अंसर जहां ने डीसीपी दक्षिणी विनीत जायसवाल से शिकायत करते हुये बताया था विपक्षी अबरार खान ने उसकी जमीन को धोखाधड़ी करते हुये शकील अहमद निवासी सिसेंडी को बेच दी थी जिसमें इरसाद अहमद व राम नरेन्द्र यादव गवाह थे।जब उसे जमीन बेचे जाने की जानकारी हुयी तो अबरार खान से विरोध जताया तो गाली-गालौज करते हुये जान से मारने की धमकी दी।उसकी मोटरसाइकिल भी धोखे से ले जाकर अबरार खान ने बेच दिया।पीड़िता ने बताया आरोपी अबरार खान ने एक दिन घर आकर उसके सीने में असलहा लगाकर जान से मारने की धमकी देते हुये कहा अगर पुलिस से शिकायत करोगी तो तुम्हे जान से मार देगे।पीड़िता ने बताया आरोपी अबरार खान शातिर किस्म का अपराधी है,पूर्व में हुयी हेड कास्टेबल की हत्या में भी आरोपी जेल जा चुका है।डीसीपी दक्षिणी ने जांच के बाद आरोपी जालसाजो पर मुकदमा दर्ज कर मोहनलालगंज पुलिस को कड़ी कार्यवाही के निर्देश दियें।अतिरिक्त इंस्पेक्टर रामबाबू सिंह ने बताया पीड़िता की तहरीर के आधार पर चार आरोपियों के विरूद्व धोखाधड़ी,जालसाजी समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी हैं।

## प्रदेश अध्यक्ष ने जन्मदिन के मौके पर वितरित किए जरूरतमंदों को कंबल



अमन लेखनी समाचार

बंथरा। भारतीय जनहित महासभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के शोध प्रमुख अवध क्षेत्र विनोद मौर्य का नगर पंचायत बन्थरा के वार्ड संख्या 7 ग्राम खांडे देव में धूमधाम से जन्मदिवस मनाया गया। इस मौके पर विनोद मौर्या और उनके टीम के सहयोगियों द्वारा जरूरत मंदो को कंबलों का वितरण किया गया।विनोद मौर्य ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार जरूरतमंद के लिए तमाम योजनाओं का संचालन कर उन्हें लाभ देने का काम कर रही है। इस मौके पर भारतीय जनहित महासभा ज़िला अध्यक्ष लखनऊ बृजभान गौतम, प्रभारी सूर्यकांत मौर्य, रवि वर्मा, सोनू मौर्य, उमेश शर्मा , एवं अमित कुमार, एवं अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहे।

## पेड़ के सहारे घर में उतरे चोरों ने जेवरात व नगदी की पार

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। पेड़ के सहारे घर में उतरे बेखौफ चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवरात व नगदी पर हाथ साफ कर फरार हो गए। तड़के सुबह जब परिजन उठे तो देखा कि घर का समान इधर उधर फैला है जिसको देखकर भौचक्के रह गए। जिसकी सूचना पुलिस को दी। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मवई कला मजरा तिलक खेड़ा निवासी अब्दुल अली के घर पर अज्ञात शातिर चोरो ने घर के किनारे लगे यूकेलिप्टस पेड़ के सहारे छत पर चढ़कर घर में घुसकर लाखो के जेवरात व नगदी पर हाथ साफ कर फरार हो गए है। अब्दुल अली ने दी गयी तहरीर के माध्यम से बताया कि चोरो ने घर मे रखा एक सोने का हार, एक सोने का झाला, एक जोड़ी झुमकी, एक जोड़ी बाला, एक जोड़ी बाल चोटी, चार जोड़ी पायल सहित 21 हजार आठ सौ रुपये नकदी समेत करीब डेढ़ लाख के जेवरात लेकर फरार हो गए। परिवार के लोग जब सुबह तड़के उठे तो देखा की सारा सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा है, जेवरात का बक्सा और व बैग गायब था आसपास खोजबीन की तो बैग छत पर पड़ा मिला और घर बक्सा घर के पीछे बाग में पड़ा मिला अब्दुल अली ने रहीमाबाद पुलिस को घटना की सूचना दी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। इस संबंध में रहीमाबाद एसओ अजीत कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है, घटना की जांच की जा रही है।

## पत्रकारों ने टीएसआई आसिफ अख्तर को बर्खास्त कर मुकदमा करने की मांग की

### सैकड़ो की संख्या में पत्रकारों ने आशियाना थाने का घेरावकर किया धरना प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार

आशियाना, लखनऊ। बीते रविवार को औरंगाबाद पुल के पास से गुजर रहे राष्ट्र नमन समाचार पत्र के सरोजनी नगर संवाददाता संदीप शुक्ला को वही पर तैनात टीएसआई आसिफ अख्तर ने मोटरसाइकिल रुकवाई तो पत्रकार ने अपना परिचय दिया परिचय सुनते ही टीएसआई अभद्रता करने लगें और वहां तैनात ट्राफिक पुलिस कर्मियों को साथ लेकर संदीप शुक्ला को पास बने पुलिस बूथ में बलपूर्वक घसीट ले गए जहां पत्रकार का फोन पटककर तोड़ देने व पत्रकार से अभद्रता किये जाने से नाराज क्षेत्र के सैकडो पत्रकारों ने आशियाना थाने का घेराव भी किया। फिलहाल अधिकारों की उपस्थिति में थाना प्रभारी कार्यवाहक इंस्पेक्टर को तहरीर दी गई, जिसको एसीपी ट्रैफिक सुजीत कुमार दुबे संज्ञान में लेकर पत्रकारों से बताया कि टीएसआई आसिफ अख्तर को लाइन हाजिर कर दिया गया है, और टीएसआई आसिफ अख्तर के खिलाफ जांच पड़ताल की जा रही है, दिए गए साक्ष्य बयान व प्रमाण के आधार पर उचित कानूनी कार्यवाही की जाएगी।



## पार्षद रामनरेश रावत द्वारा इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य का किया गया शिलान्यास

अमन लेखनी समाचार

सरोजनी नगर लखनऊ। सरोजनीनगर द्वितीय वार्ड के पार्षद रामनरेश रावत द्वारा मंगलवार को वार्ड में 130 मीटर लंबी और तीन मीटर चौड़ी इंटरलॉकिंग सड़क व पक्की नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इसका शिलान्यास पार्षद रामनरेश रावत ने अपनी मौजूदगी में भाजपा के मंडल अध्यक्ष अनूप मिश्रा और उमा यादव के जरिए विधि विधान से पूजा पाठ करवाने के साथ ही नारियल तुड़वाकर किया। इस दौरान पार्षद रामनरेश ने बताया कि वार्ड में तपोवन नगर कॉलोनी स्थित बंधुवा तालाब छठ पूजा घाट के पास दीपक सोनी के घर से बाबूराम ओझा के घर तक बनने वाली यह इंटरलॉकिंग सड़क और पक्की नाली का निर्माण 14 लाख रुपए की लागत से डूडा विभाग द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से कच्चे पड़े रास्ते में लोगों को आने-जाने में भारी समस्या झेलनी पड़ती थी। लेकिन अब इस सड़क के बन जाने से कॉलोनी वासियों के अलावा अन्य राहगीरों को आने-जाने में कोई दिक्कत नहीं होगी। इस दौरान कॉलोनी वासियों को जब पता चला कि यह कच्चा रास्ता इंटरलॉकिंग सड़क में बनने जा रहा है, तो उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाकर पार्षद सहित अन्य नेताओं का आभार व्यक्त किया। पार्षद ने बताया कि यह इंटरलॉकिंग सदक विधायक राजेश्वर सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर और महापौर सुषमा खर्कवाल के प्रयास के बनाई जाएगी। वहीं शिलान्यास कार्यक्रम के मौके पर पार्षद रामनरेश रावत के अलावा प्रीतम सिंह, संतोष त्रिपाठी, सतीश रावत, जयराम यादव, उमा यादव, रामेश्वर त्यागी, सुरेंद्र रावत, सुखरानी, राजू सिंह, नरेंद्र, अभय द्विवेदी, आरिफ खान, जाहिर खान, सुभाष भारद्वाज, विनय, दीपक गुप्ता और पिंटू सिंह सहित कॉलोनी के तमाम लोग मौजूद रहे।



## पत्नी ने अपने पति सहित ससुराल वालो के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का लगाया आरोप, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनी नगर लखनऊ। बिजनौर के नटकुर निवासी पूर्णिमा सिंह ने सरोजनीनगर के हनुमान पुरी स्थित गली नंबर - 4 निवासी अपने पति अंकित सिंह, ससुर शिवशरन सिंह, सास नीरज सिंह, ममेरा देवर शिवा सिंह और बाराबंकी के दरियाबाद स्थित कयामपुर निवासी ममेरे ससुर देवराज सिंह के खिलाफ मारपीट, गाली गलौज, जान से मारने की धमकी और दहेज उत्पीड़न की सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पूर्णिमा का कहना है कि उसकी शादी 11 मई 2018 को अंकित के साथ हुई थी। शादी में उसकी माँ और भाई ने बरीक्षा में 5 लाख रुपये के गिफ्ट के अलावा शादी में 20 लाख रुपए नगद और तमाम अन्य कीमती सामान दिए थे। लेकिन शादी के बाद से पति अंकित, शिवशरन, देवराज, नीरज और ममेरा देवर शिव सिंह उसे कम दहेज लाने का ताना देने लगे। जब पीड़िता ने अपने मायके पहुंचकर अपनी मां और भाई से इसके बारे में बताया तो उन्होंने किसी तरह पीड़िता को समझा बुझाकर शांत कर दिया। लेकिन आरोप है कि इस बीच आरोपियों ने उसके गहने भी अपने पास रख लिए। पीड़िता का कहना है कि बाद में सभी आरोपी उसे दहेज में एक कार और प्लाट की मांग करते हुए आए दिन उसके साथ गाली गलौज और मारपीट कर प्रताड़ित करने लगे। एक दिन पीड़िता की सास ने शिवा के साथ मिलकर उससे गाली गलौज और वाइपर से मारापीटा। शाम को जब पीड़िता ने यह बात अपने पति को बताई तो उसने भी मारा पीटा। उसने कहा कि उसकी मां, मामा और ममेरा भाई जो कहेंगे, वही करना होगा। पीड़िता का कहना है कि इसी तरह ससुराल वाले आए दिन दहेज की मांग को लेकर उसे मारने पीटने लगे। पीड़िता के भाई ने जब उनसे बात करने की कोशिश की तो आरोपियों ने उससे भी गाली गलौज करने के साथ ही पीड़िता को जान से मारने की धमकी दी। फिलहाल सरोजनीनगर पुलिस पीड़ित पूर्णिमा की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## महिला मित्र के विरूद्ध गैर इरादन हत्या का मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज- उत्तरगांव में पांच माह पहले महिला मित्र से मिलने आये चालक संजय गुप्ता निवासी छोटा बरहा थाना आलमबाग सदिग्धं परिस्थितियों में गनियार गांव के पास सड़क किनारे मरणासन्न हालत में खून से लतपथ पड़े मिले थे।उनके सिर के पिछले हिस्से में गम्भीर चोट लगी हुयी थी।इलाज के दौरान चालक संजय की मौत हो गयी थी।जिसके बाद मृतक की पत्नी कंचन ने महिला मित्र व उसके परिजनो पर पति की हत्या करने का आरोप लगाते हुये पुलिस को तहरीर दी थी लेकिन पुलिस ने दुर्घटना में मौत की बात कहकर पल्ला झांड लिया था,जब कि घटना स्थल की परिस्थितियॉ व स्थितियां हत्या किये जा?ने की ओर इशारा कर रही थी।जिसके बाद पीड़ित पत्नी कचंन गुप्ता ने पुलिस कमिश्नर एस बी शिरडकर से पूरे मामले की लिखित शिकायत कर पति को फोन कर घर बुलाकर भारी चीज से सिर में वार कर हत्या कर?ने की आरोपी माधुरी निवासी उत्तरगांव थाना मोहनलालगंज के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग की।पूरे मामले में भाजपा प्रदेश महामंत्री व एमएलसी अनूप गुप्ता ने भी आरोपियों पर कार्यवाही के पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखा था।पुलिस कमिश्नर ने पीड़िता की शिकायत को गम्भीरता से लेते हुये मोहनलालगंज पुलिस को आरोपी महिला के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही के निर्देश दियें।अतिरिक्त इंस्पेक्टर रामबाबू सिंह ने बताया पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी महिला माधुरी देवी के विरूद्ध गैर इरादन हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गयी हैं।

## किशोरी के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार ,भेजा जेल

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। एक गांव से 14दिन पहले किशोरी को बहला-फुसलाकर अपहरण करने के आरोपी युवक को मगंलवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया,जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया।अतिरिक्त इंस्पेक्टर रामबाबू सिंह ने बताया पीड़ित पिता ने शिकायत करते हुये बताया था 5-6दिसम्बर की रात्रि 17वर्षीय बेटी के लापता होने की बात कहते हुये गांव के ही पकंज धीमान पर सदेंह व्यक्त करते हुये बहला फुसलाकर अपहरण करने का आरोप लगाया था,पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के विरूद्व अपहरण की धारा में मुकदमा दर्ज कर 9दिसम्बर को किशोरी को पुलिस टीम ने दिल्ली से बरामद किया था,जब कि आरोपी पकंज फरार हो गया था।मुखबिर की सूचना पर मगंलवार को पुलिस टीम ने आरोपी पकंज को भावाखेड़ा जगंल के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## ससुर ने बहू की पिटाई कर सिर फोड़ा,मुकदमा दर्ज

मोहनलालगंज। उमेदखेड़ा निवासी काजल ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया मगंलवार की सुबह आठ बजे के करीब ससुर परीदीन गाली-गालौज कर रहे थे,जब उसने विरोध जताया तो ससुर ने डंडो से पिटाई के बाद ईट से वार कर सिर फोड़ कर लहूलूहान कर दिया ओर पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी।अतिरिक्त इंस्पेक्टर रामबाबू सिंह ने बताया पीड़िता की तहरीर पर आरोपी ससुर के विरूद्व मारपीट समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी हैं।

## बेखौफ चोरों ने दिनदहाड़े पुलिस विभाग के मुख्य आरक्षी का कीमती मोबाइल किया पार

सरोजनी नगर लखनऊ। सरोजनीनगर में बेखौफ चोरों ने दिनदहाड़े पुलिस विभाग के एक मुख्य आरक्षी का कीमती मोबाइल पार कर दिया। पीड़ित ने सरोजनीनगर थाने में मामला दर्ज कराया है। राजधानी की रिजर्व पुलिस लाइन में तैनात मुख्य आरक्षी नंद केसरी दुबे के मुताबिक सोमवार को सुबह करीब 7:45 बजे वह कानपुर से सेवन सीटर गाड़ी से सरोजनीनगर में अमौसी मेट्रो स्टेशन के पास पहुंचे। नंद केसरी का कहना है कि तभी वहां पर गाड़ी से उतरने के दौरान किसी ने उनका कीमती मोबाइल चोरी कर लिया। जानकारी होने पर जब उन्होंने कॉल की तो फोन स्विच ऑफ कर दिया गया। फिलहाल पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी कैमरे की मदद से चोरों का सुराग लग रही है।

## संक्षेप

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक व युवती का फांसी के फंदे पर लटकते मिले शव

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत दो विभिन्न गांव में एक युवक और एक युवती द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई । पुलिस ने शवो को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। फतेहपुर चौरासी थाना थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव डकौली निवासी रंजन पुत्र स्वर्गीय मैकू लाल 28 वर्ष में आज दोपहर घर में छत में लगे पंखे से साड़ी बांधकर आत्महत्या कर ली उनके भाई प्रेम शंकर द्वारा पुलिस को घटना की सूचना दी गई। वहीं थाना क्षेत्र के धन्नापुरवा निवासी राम प्रकाश की बीस वर्षीय बेटी रामजानकी ने घर के बाहर नीम के पेड़ से दुपट्टे से लटक कर आत्महत्या कर ली। प्रभारी निरीक्षक राजेश पाठक ने बताया कि मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम हेतु भेज दिया गया है।

### स्कूल की वैन में कंटेनर ने मारी टक्कर, चालक की मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। लालगंज उन्नाव हाइवे पर पचोड्डा गांव सामने तेज रफ्तार कानपुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार कंटेनर ने स्कूल की वैन में टक्कर मार दी। हादसे में वैन चालक की घटनास्थल पर मौत हो गई। घटना के बाद चालक कंटेनर छोडक भाग निकला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। अचलगंज थाना व कस्बा निवासी वीरेंद्र द्विवेदी (52) स्कूल की वैन चलाते थे। मंगलवार को दोपहर वह ब ों को घर छोडक खाली वैन लेकर लौट रहे थे। उन्नाव-लालगंज हाइवे पर पचोड्डा गांव के पास कानपुर की ओर से आ रहे कंटेनर ने वैन में सामने से टक्कर मार दी। घटना में वैन चालक वीरेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद चालक मौके से भाग निकला। आसपास खेतों में काम रहे लोग दौड़े और वैन में फंसे वीरेंद्र को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। पुलिस उन्हें अचलगंज सीएचसी लाई। हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। अस्पताल लाने पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजन बेहाल हो गए। मृतक की पत्नी शैलजा की साल 2005 में मुंबई में सडक हादसे में मौत हो गई थी। एक बेटा आकाश और एक बेटी है। बेटा एआरटीओ कार्यालय में संविदा पर कंप्यूटर ऑपरेटर है। वीरेंद्र तीन भाईयों में दूसरे नंबर का था। बता दें कि इसी स्थान पर सोमवार शाम पचोड़ा निवासी रमेश चौधरी (42) को भी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। इससे वह गंभीर घायल हो गए थे। उन्हें भी सीएचसी से जिला अस्पताल फिर कानपुर हैलट रेफर किया गया है।

थानाध्यक्ष प्रशांत द्विवेदी ने बताया कि कंटेनर की टक्कर से वैन चालक की मौत हुई है। कंटेनर कब्जे में है, चालक फरार है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

# रामपुर लोन व डोकरई में किया गया भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर लोन में प्रातः 10 बजे से दोपहर12:30 ह्वविकसित भारत संकल्प यात्राह्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रामपुर लोन में भाजपा महामंत्री आशीष बाजपेयी 'अटल' ने भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही दो सौ पचास से अधिक योजनाओ के बारे में जानकारी दी। रमेशचंद्र तिवारी-कल्लू ने बताया कि पंडित दीनदयाल का सपना था कि समाज के हर तबके को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का सीधे लाभ मिले तथा छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं-आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना(ग्रामीण), पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, गॉवों का स्वामित्व आदि से लाभान्वित करने के साथ जानकारी दी। इस मौके पर श्रीकांत तिवारी,रामप्रसाद लोधी,अर्जुन लोधी,शिवप्रताप सिंह,प्रशांत तिवारी ,बीघापुर सप्लाई इंस्पेक्टर दिनेशचंद्र ,पशु चिकित्सक डॉ अनुज कुमार,लेखपाल राजेश कुमार,कृषि विभाग से ऐडीओ समाज कल्याण ब्रहदेव पांडेय स्वास्थ्य विभाग से रश्मि सिंह, सृष्टि सिंह,प्रधान राकेश कुमार,कोटेदार राहुल सहित अनेको ग्रामीण उपस्थित रहे।ग्रामसभा डोकरई में साय 2 बजे से 4:30 बजे तक भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला महामंत्री आशीष बाजपेयी अटल , मंडल अध्यक्ष विनय सिंह, पूर्वमंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह ,प्रभास पांडे सहित कई विभाग के अधिकारी कर्मचारी व ग्रामवासी उपस्थित रहे।इस अवसर पर समस्त सहकारी समितियों द्वारा अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को सदस्य बनाने के लिए प्रेरित किया गया तथा रासायनिक उर्वरकों के वैकल्पिक उर्वरकों यथा-नैनो यूरिया के विषय में जागरूक किया गया। स्वास्थ्य विभाग एवं कृषि विभाग आदि विभागों के भी स्टॉल लगायें गए। विभिन्न योजनाओं के सफल लाभाथीयों ने ह्लमेरी कहानी मेरी जुबानीह्व के तहत अपने अनुभव/फीडबैक साझा किया। वैन के माध्यम से प्रधानमत्री की वर्चुअल मीटिंग भी प्रसारित की गई। ।सत्त कृषि गतिविधियों पर सत्र-ड्रोन प्रदर्शन, प्राकृतिक खेती और मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर भी चर्चा की गई।

# रंगदारी न देने पर दबंग युवक ने झोंकी फायर, बाल-बाल बचा दुकानदार

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के गांधी नगर तिराहे के पास एक युवक की बैटरी की दुकान है। बीती देर शाम दुकान पर ग्राहक को बैटरी दे रहा था। इसी दौरान मोहल्ले के ही रहने वाला एक युवक दुकान पहुंचा और रंगदारी मांगने लगा। जब उसने इसका विरोध किया तो उसने फायर झोंक दी। किसी तरह बचकर उसने जान बचाई है। घटना की जानकारी सदर कोतवाली पुलिस को दी। उधर सीसीटीवी में घटना कैद होने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया है और जांच पड़ताल में जुटी है।अस्पताल चौकी क्षेत्र के रहने वाले भरत सिंह पुत्र स्व श्याम बिहारी की तिराहे के पास ही बैटरी की दुकान है। हर रोज की तरह बीती शाम दुकान पर मौजूद थे ग्राहकों से बैटरी को लेकर सौदेबाजी कर रहे थे। इसी दौरान यही का रहने वाला धर्मपाल उनकी दुकान पहुंचा और कहा इस समय बैटरी के व्यापार में बहुत पैसा कमा रहे हो। मुझे बीस हजार रुपये महीने दो। इस बात का दुकानदार ने विरोध किया तो उसने जबरन दो हजार रुपए छीन लिए और हाथ में लिए अवैध असलहा से उसके पर फायर झोंक दी। किसी तरह उसने हटकर अपनी जान बचाई, इसके बाद उसने कहा आज तो बच गया हो यदि कल तक पैसा ना दिया तो जान से मार देंगे। डरा सहमा दुकानदार व्यापारी किसी तरह सदर कोतवाली पहुंचा और उसने घटना की जानकारी पुलिस को बताई। घटना को गंभीरता लेते हुए पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच पड़ताल की है। जहां सीसीटीवी में घटना कैद हुई है। इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार मिश्रा ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच पड़ताल की जा रही है। जिसने भी घटना को कारित किया है उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। ब्लाक क्षेत्र धौरा गांव में रणजय सिंह छोटू विद्या मंदिर विद्यालय में निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे सीएचसी प्रभारी डा प्रमोद कुमार, डा सोएब निसार,डा आर के गुप्ता,डा रश्मी आदि ने मरीजों को देखकर दवाई दी।शिविर में बक्शीखेडा, मल्झा, रामपुर, चिरीयारी, धौरा, सूरजखेडा, ऊंचद्वार आदि गांवों से 253 मरीज आए।जिनको निशुल्क दवाई दी गई। शिविर में कृषि विज्ञान केन्द्र धौरा के वैज्ञानिक गृह विज्ञान डॉ. अर्चना सिंह, सुनील सिंह, विज्ञान डॉ. धीरज तिवारी, रमेश चन्द्र मौर्या, मौजूद रहे।

## कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से जमीन का बैनामा कराने वाला आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार पुलिस द्वारा कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से जमीन का बैनामा करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर मा० न्याया० के समक्ष भेज दिया। प्रेमलता पत्नी बुद्धीलाल निवासिनी ग्राम धुँवाधार थाना बिहार जनपद उन्नाव द्वारा थाना बिहार पर तहरीर देते हुए मुकदमा पंजीकृत कराया था। जिसमें बताया कि अभि0गणों द्वारा फर्जी दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी कर शिवशंकर पुत्र दीनदयाल नि0 मानपुर थाना बीघापुर जनपद उन्नाव की जमीन फर्जी तरीके से शिवशंकर उपरोक्त ने भी अपनी जगह दूसरे व्यक्ति को खड़ा करके प्रेमलता को रजिस्ट्री कर बैनामा करा दी गयी तथा जमीन बैनामा कराकर शिवशंकर द्वारा जमीन का पैसा अपने खाते में जरिये चेक प्राप्त किया गया ।अभियोग उपरोक्त में प्राप्त साक्ष्य के आधार पर मंगलवार दिनांक 19.12.2023 को मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त शिवशंकर पुत्र स्व०दीनदयाल शर्मा उम्र 66 वर्ष उपरोक्त को टैम्पू स्टैण्ड कस्बा पाटन हाईवे पुल के नीचे लगे फलों के ठेलों के पास से गिरफ्तार किया गया ।गिरफ्तार कर सम्बन्धित न्यायालय पेश किये जाने/रिमाण्ड लेने हेतु रवाना किया गया।

# गाय के गोबर से बने 5 लाख दीये अयोध्या दीपोत्सव में लगाएंगे चार चाँद

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। मंगलवार को राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद के अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने जिले के आला अधिकारी को आगामी 22 जनवरी को होने वाली प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के आवाहन पर पौष शुक्ल द्वादशी विक्रम संवत 2080 आने वाली दिन सोमवार दिनांक 22 जनवरी 2024 को 495 वर्ष बाद अपने जन्मस्थान श्री रामलला के अयोध्या पुनःआगमन के रूप में श्री राम जन्म भूमि मंन्दिर के गर्भ गृह में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर इतिहास की विशालतम दीपावली मनाने के लिए देश व प्रदेश के समस्त जनपद के कोने कोने मे दीप प्रज्वलन हेतु संस्था अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने अपील कि समस्त देश वासियो से कि हम सब मिलकर 22 जनवरी को घरों घरों मन्दिरों मन्दिरों सड़को चौराहो पर दीप जलाये अभूतपूर्व दीवाली मनाये प्रभू श्रीराम को नमन करे और 495 वर्षों से जगह रही जो खाली 22 जनवरी 2024 को जन्म भूमि पर आई पुनः दिवाली इस सन्देश को दूर दूर तक फैलाये संस्था अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने ठाना है अयोध्या में दीपोत्सव का एक नया विश्व रिकार्ड बनाना है और जनपद में तैयारियां तेज हो गईं 22 जनवरी को दीपोत्सव मनाया जाएगा दीपोत्सव में इस बार सरयू तट पर 50 हजार और गंगा में 51 हजार दीप जलाने का भी लक्ष्य है अंकित शुक्ला ने सभी लोगो से वहीं 22 जनवरी को रात को दिवाली की तरह ही मनाने का यह ऐलान किया है अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन होगा उसी को लेकर जनपद में विभिन्न आयोजन किये जाएंगे उन्होंने बताया की श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर जनपद में रंगोली बनाई जायेगी 21 जनवरी को विभिन्न हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ व प्रसाद का आयोजन होगा इसके साथ ही 22 जनवरी को गाय के गोबर से निर्मित 5 लाख दीप जलाए जाएंगे वहीं हर घर पर भगवा ध्वज लगाने के साथ लाइटिंग व दीपक जलाए जायेंगे और सनातन को बढ़ावा देने के लिए अंकित शुक्ला रहे आगे ज्ञापन के मौके पर शिवम सिंह मोहित अंकित तिवारी अर्चना कुमारी संस्था के अन्य लोग मौजूद

## दीवाल से टकराया बाइक सवार, धू-धू कर जल उठी बाइक

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली के बह्मना गांव में सोमवार देर रात दीवार में टकराने के बाद निकली चिंगारी से बाइक में आग लग गयी।देखते देखते आग की तेज लपटें उठने लगी।ग्रामीणो की मदद से युवक ने आग पर काबू पाकर पड़ी घटना होने से बचा लिया। कोतवाली क्षेत्र के बम्हना गांव निवासी शांतनु द्विवेदी पुत्र राजू सोमवार को किसी काम से लखनऊ गया था। देर रात अपनी बाइक हीरो एक्सट्रीम से वापस घर लौट रहा था। गांव समीप जैसे ही पहुंचा तभी बाइक के सामने अचानक कुत्ता आ गया।जिसे बचाने में बाइक अनियंत्रित होकर एक दीवार से टकराने के बाद पलट गई।टक्कर से निकली चिंगारी पेट्रोल के संपर्क में आने से आग का रूप ले लिया।देखते देखते आग की लपटें उठने लगी।लपटे देख ग्रामीणों का मजमा लग गया।विस्फोट की आशंका भांप किसी तरह पेट्रोल की टंकी को शांतनु ने खोल दिया।यह करने के दौरान आग से वह मामूली रूप से झुलस भी गया।पानी डालकर ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया।



# दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार पुलिस द्वारा दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर कोर्ट के समक्ष भेज दिया

उप निरीक्षक वीरेन्द्र सिंह यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा थाना बिहार में पंजीकृत दुष्कर्म सहित विभिन्न धाराओं मे वांछित अभियुक्त आशू कुमार पुत्र सीताराम ग्राम सांझामऊ को सुमेरपुर तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही करते हुये मा0 न्या0 के समक्ष भेज दिया गया।

## जीने से नीचे गिरकर महिला घायल, हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। जीने से नीचे उतर रही महिला अनियंत्रित होकर गंभीर रूप से घायल हो गई परिजन महिला को सी एच सी ले गए जहां पर मौजूद डॉ ने गंभीर हालत देखते उसे जिला अस्पताल भेज दियाथाना बेहटा मुझावर क्षेत्र के जयतापुर निवासी फूलमती 40 वर्ष पत्नी रामकुमार देर रात अपने घर की छत से जीने के सहारे नीचे आ रही थी अनियंत्रित होकर महिला गिरकर गंभीर रूप से घायल हो परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया जहां पर मौजूद डॉ ने गंभीर हालत देखते महिला को जिला अस्पताल भेज दिया।

# 40 छात्राओं की सीएचसी में की गई खून की जांच



अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। राजकीय बालिका इंटर कालेज में छात्राओं का डेटा फीडिंग को मांगे गये ब्लड ग्रुप को लेकर सीएचसी में 40 छात्राओ के खून की जांचें की गयी। राजकीय बालिका इंटर कालेज की प्रधानाचार्या शुभ्रा सिंह ने बताया कि 6 से 12 तक 533 छात्राओं का पंजीकरण है। जिसमे विभाग से छात्राओ का डेटा फीडिंग का कराई जा रहा हैं। जिसमें खून की जांच कराकर छात्राओं को अपने अपने ब्लड ग्रुप का पता चल सका चल रहे। मंगलवार को सीएचसी में कक्षा 9 की 40 छात्राओं के खून की जांच हुई।कालेज की पंजीकरण सभी छात्राओं के खून की जांच कराई जाएगी ।

## अवैध कच्ची शराब के साथ महिला गिरफ़्तार

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार पुलिस व आबकारी टीम के द्वारा संयुक्त रूप से दबिश देकर एक अभियुक्ता को 30 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया।थाना बिहार के पकरा बुजुर्ग ग्राम निवासिनी सुनीता पत्नी बच्चूलाल कई दिनों से अवैध शराब बेचने में लिप्त थी। मुखबिरी की खास सूचना पर आबकारी इंस्पेक्टर प्रतिभा सिंह व थाना बिहार पुलिस द्वारा एकबारगी दबिश देते हुए अभियुक्ता को 30 लीटर मय कच्ची अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर मा०न्याया० भेज दिया गया।

## शिक्षक का आपूर्ति निरीक्षक के पद पर हुआ चयन

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। विकास खंड के गांव चमियानी के सहायक शिक्षक शुभम चौधरी ने लोवर पीसीएस में आपूर्ति निरीक्षक के पद का ज्वाइनिंग पत्र आने पर परिजनों में खुशी का माहौल है। वही मंगलवार को शुभम को विद्यालय में विदाई देकर कार्य मुक्त कर दिया गया हैं। शुभम चौधरी ने बताया कि प्रारम्भिक शिक्षा गांव में तथा इण्टर जय किसान इंटर कालेज, स्नातक महाप्राण निराला कालेज बीघापुर से व बीएड 2018 तथा 2019 में टीटी की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद घर में ही नौकरी पाने के लिए तैयारी की। 2019 में ग्राम विकास अधिकारी की परीक्षा पास की लेकिन ज्वाइन नहीं किया। फिर बीईओ के पद पर आवेदन करने पर प्री परीक्षा पास की। शिक्षक के लिए आवेदन करने पर अक्टूबर 2020 में सहायक शिक्षक के रुप में बिछिया के तारगांव उ प्र कम्पोजिट विद्यालय में सहायक शिक्षक के रुप शुभम बच्चों को शिक्षा दे रहे थे। लेकिन लोवर पीसीएस में परीक्षा देने के बाद 9 दिसम्बर 2022 को लोवर पीसीएस में आपूर्ति निरीक्षक की परीक्षा उत्तीर्ण किया था। लेकिन आपूर्ति निरीक्षक के पद के लिए ज्वाइन पत्र मिला है। जिसके चलते विद्यालय से कार्य मुक्त कर दिया गया है। शुभम का सपना पीसीएस बनने का है। तैयारी अभी जारी रहेगी। पिता चक्रेश चौधरी विदेश कुवैत में नौकरी करते हैं। मां राजवती गृहणी है।

# किसान यूनियन के कार्यकर्ता एक दिवसीय करेंगे धरना



अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। भारतीय किसान यूनियन टिकैट की बीघापुर इकाई द्वारा प्रस्तावित एक दिवसीय धरना 25 दिसंबर क्रिसमस डे के दिन आयोजित था परंतु इस दिन अवकाश होने की वजह से ठीक एक दिन बाद 26 दिसंबर को धरना आयोजित होगा। ये जानकारी तहसील प्रवक्ता अजय बाजपेयी ने दी। तहसील अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह व जिलाउपाध्यक्ष मुन्ना सिंह देवारा ने बातचीत के दौरान बताया इस धरने का उद्देश्य आक्रोशित किसानों,खेतिहर मजदूरों की समस्या आदि का सरकार के द्वारा हल नही निकाला जा रहा अगर जरूरत पड़ी तो पूरे राज्य-देश मे धरने आयोजित किये जायेंगे।

## समय से नही खुलता विद्यालय बच्चे करते गुरु जी का इंतजार

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। उच्च प्राथमिक विद्यालय के देरी से खुलने से पढ़ने वाले छात्र-छात्राए इन्तजार करते रहे । विद्यालय में तैनात सहचर ने लगभग 9.15 मिनट पर पहुंच विद्यालय का ताला खोला जबकि 10 बजे तक प्रधानाध्यापक सहित कोई भी शिक्षक विद्यालय नही पहुंचा। शासन द्वारा गुणवत्तापरक शिक्षा के लिए योजनाओं के माध्यम से स्थिति सुधारने का प्रयास किया जा रहा । शिक्षक विधालय समय से पहुचे उसके लिए ऑनलाइन उपस्थिति की भी व्यवस्था की गई पर शिक्षा विभाग अभी वही पुरानी व्यवस्था पर ही कार्य कर रहा जिसको उजागर करते वायरल हुए वीडीओ में विकास खंड क्षेत्र के दौलतायारपुर के प्राथमिक पाठशाला एतबारपुर का ताला बंद है और परिसर में उपस्थित बच्चे टहलते देखे जा सकते है जब की आप का अपना अखबार अमन लेखनी वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है सहचर राघवेंद्र ने 9.15 पर स्कूल का ताला खोला । विद्यालय में 110 छात्र छात्राएं पंजीकृत है इस स्कूल के प्रधान शिक्षक शरद कुशवाहा सहित विद्यालय स्टॉफ 10 बजे तक भी नही पहुंच सका।इस संबंध में बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है जांच कर कार्यवाही की जाएगी।




### युवक की हत्याकांड में मां बेटे ने किया अपने आप को पुलिस के हवाले

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के राम नगर मोहल्ला में रविवार सुबह पिता की गोली मारकर हत्या करने वाले बेटे ने मां के साथ किला चौकी पहुंच कर गुनाह कबूल कर लिया। सूत्र बताते है कि पुलिस मामले को रात से दबाए रही और गुड वर्क के प्रयास जुटी थी। इसी बीच मामला चर्चा में आने से सारा मामला खुल गया। हालाकि आत्म समर्पण की बात की पुष्टि करने को कोई तैयार नहीं है। शहर के राम नगर मोहल्ला में शिव नगर के रहने वाले पवन यादव 45 जगनंदन का शव कूड़े के ढेर में रक्त रंजित अवस्था में पड़ा मिला था। पुलिस ने जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा तो दिवंगत पवन के शरीर में दो गोलियां फंसी मिली और दो शरीर के पार निकल गई थी। दूसरी पत्नी जमुना की तहरीर पर पहली पत्नी नीलम उसके बेटे प्रदीप पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी थी। सूत्र बताते है कि बढ़ते दबाव को देखते हुए आरोपी प्रदीप और उसकी मां नीलम ने किला चौकी में सरेंडर कर दिया था। हालाकि पुलिस अभी भी आत्म समर्पण की पुष्टि नहीं कर रही है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया गया आयोजन



अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। विकास खंड क्षेत्र के ग्राम महमूदपुर व मुस्तफाबाद में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक बंबा लाल दिवाकर ने सम्मिलित होकर लाभार्थियों को स्वास्थ्य कार्ड एवं स्वीकृति पत्र वितरित किया तथा भाजपा सरकार के विभिन्न लोक-कल्याणकारी योजनाओं के बारे में उपस्थित जनमानस को बताया 'विकसित भारत' के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री का अथक परिश्रम और समर्पण हम सभी के लिए पाथेय है।नव-निर्माण की इस यात्रा में हम सभी क्षेत्र एवं प्रदेशवासी कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ने के लिए संकल्पित हैं इस मौके पर विधायक मीडिया प्रभारी राजू चौहान ग्राम प्रधान समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

**इस सप्ताह दो अहम मुद्दों ने सुर्खियां बटोरीं। भाजपा ने तीन राज्यों में जीत के बाद नए चेहरे को सीएम बनाकर चौंकाया, तो संसद में वर्ष 2001 में संसद पर हुए आतंकी हमले की बरसी 13 दिसंबर को कुछेक अराजक लोगों ने घुसपैठ कर स्मोक बम (धुएं) से दहशत फैलाने की कोशिश की। भाजपा के नेतृत्व परिवर्तन का राजनीतिक विश्लेषण जरूरी है, वहीं यह कांग्रेस के अतीत में किए प्रयोग से कैसे अलग है, इसका भी आंकलन आवश्यक है। संसद में धुआं कांड ने संसद की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़ा किया है। कोई अगर दहशत फैलाने के मकसद से स्मोक बम सभी सुरक्षा चक्रों को भेदते हुए संसद के अंदर ले जा सकता है, तो वह खतरनाक रासायनिक हथियार भी ले जा सकता था। संसद की समूची सुरक्षा व्यवस्था की जांच जरूरी है, लेकिन इस पर भी विपक्ष की राजनीति दुर्भाग्यपूर्ण है। अतीत में संसद पर हमले के अलावा कई बार सुरक्षा चक्र भेदने के मामले भी हुए हैं, ऐसे में इस घटना की गंभीरता का आंकलन करता आजकल का यह अंक...**



संसद में धुआं कांड के आरोपित

संसद की सुरक्षा में चूक को लेकर 8 सुरक्षाकर्मियों को बेशक सस्पेंड कर दिया गया है, लेकिन सच तो ये भी है कि इसके लिए काफी हद तक दिल्ली पुलिस का नई दिल्ली जिला पुलिस भी जिम्मेदार है। ऐसा इसलिए, क्योंकि संसद भवन के बाहर की सुरक्षा का जिम्मा दिल्ली पुलिस के पास है। सस्पेंड किए गए सभी आठ सुरक्षाकर्मी लोकसभा सचिवालय के सिक्योरिटी स्टाफ से हैं।

# संसद में 'धुआं' आक्रोश या साजिश



**विश्लेषण**

सुशील राजेश

वरिष्ठ पत्रकार

**13 दिसंबर, 2023 को उसी आतंकी हमले की 22वीं बरसी थी। उसी दिन संसद पर एक और प्रहार किया गया, जिसकी 2001 के आतंकी हमले से तुलना नहीं की जा सकती, लेकिन यह भी एक किस्म का आतंकवाद ही था। 2001 के हमले में हमारे 9 सुरक्षाकर्मी जवान और एक माली 'शहीद' हो गए थे। आतंकियों को भी ढेर कर दिया गया था। उसके बाद सुरक्षा-व्यवस्था में जो बदलाव किए गए, उनके मद्देनजर अकसर दावा किया जाता रहा कि परिंदा भी पर नहीं मार सकता, लेकिन सभी दावे खोखले साबित हुए। क्या आतंकी घुसपैठिए उन तक भी पहुंच सकते हैं? यह सवाल आज घोर चिन्तन-मनन का है। अब सरकार और विपक्ष को इस मुद्दे पर साझा विमर्श करना चाहिए कि संसद में सुरक्षा के चाक-चौबंद बंदोबस्त कैसे किए जा सकते हैं?**

मैं 13 दिसंबर, 2001 को संसद पर आतंकी हमले का प्रत्यक्ष साक्षी रहा हूं। गुरुवार का दिन था। आसार थे कि ताबूत घोटाले पर संसद में हंगामा होगा और कार्यवाही चल नहीं पाएगी। ऐसा ही हुआ। संसद की कार्यवाही स्थगित होते ही कई सांसद अपने आवास की ओर जाने लगे थे। करीब 11.30 बजे तक संसद परिसर में सब कुछ सामान्य था। बम और विस्फोटकों से लदी एक कार आतंक बरपाने और 'अति विशिष्ट' लोगों को निशाना बनाने परिसर में घुस चुकी थी, इसका न तो सांसदों को इल्म था और न ही सुरक्षा-तंत्र कोई संदेह कर पाया था। करीब 11.40 बजे भयानक विस्फोट और गोलियों की तड़ातड़ आवाज ने सभी को चौंका दिया। स्तब्ध और सन्न कर दिया। कइयों के पांव भी लड़खड़ाए। पल भर में साफ हो गया कि 'लोकतंत्र के मंदिर' संसद पर भी आतंकी हमला हो चुका था। अंततः तत्कालीन प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी और गृहमंत्री लालकृष्ण आडवाणी की आशंकाएं सच साबित हुईं। उन्होंने अलग-अलग संबोधनों में आशंका जताई थी कि संसद भी 'अलकायदा' के निशाने पर है। बेशक 13 दिसंबर का हमला जैश-ए-मुहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों ने किया था, लेकिन उनके तार कंधार और तालिबान से जुड़े थे। आतंकियों ने जब हमला किया, तो मैं कुछ पत्रकार साथियों के संग द्वार नंबर 2 से बाहर आ रहा था। पलक झपकते ही एक सुरक्षाकर्मी ने हमें कंकरीट की एक बड़ी-सी शिला की ओट में धकिया दिया था। उसी पल संसद का सायरन गूंज उठा। सेना कमांडो की वर्दी में 5 आतंकवादी एंबेसडर कार नं. डीएल-3 सी जे 1527 के जरिये संसद भवन में घुसे थे। कार पर गृह मंत्रालय और हैविटेट सेंटर, लोदी रोड के स्टीकर चिपके थे और छत पर लाल बत्ती लगी थी। बाद में गृह मंत्रालय का स्टीकर फर्जी निकला। कार द्वार नंबर 11 की तरफ बढ़ी, जहां से तत्कालीन उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति कृष्णकांत और उपसभापति नजमा हेपतुल्ला भीतर जाते थे। सुरक्षाकर्मियों ने कार की तेज गति को देखते हुए टोका और कार एक पेड़ से जा टकराई। आतंकी बाहर निकले और गेट नंबर 12 और 5 की तरफ बढ़े, जिधर से प्रधानमंत्री अकसर आते-जाते थे। उस दिन प्रश्नकाल में प्रधानमंत्री वाजपेयी को जवाब देने थे, लेकिन कार्यवाही स्थगित होने के कारण वह आवास पर ही थे। बहरहाल, आतंकी हमला हो चुका था।

## एक और प्रहार

13 दिसंबर, 2023 को उसी आतंकी हमले की 22वीं बरसी थी। उसी दिन संसद पर एक और प्रहार किया गया, जिसकी 2001 के आतंकी हमले से तुलना नहीं की जा सकती, लेकिन यह भी एक किस्म का आतंकवाद ही है। 2001 के हमले में हमारे 9 सुरक्षाकर्मी जवान और एक माली 'शहीद' हो गए थे। आतंकियों को भी ढेर कर दिया गया था। उसके बाद सुरक्षा-व्यवस्था में जो बदलाव किए गए, उनके मद्देनजर अकसर दावा किया जाता रहा कि परिंदा भी पर नहीं मार सकता, लेकिन सभी दावे खोखले साबित हुए, जब लोकसभा में 'शून्य-काल' की कार्यवाही चल रही थी और अचानक दो युवकों ने 'दर्शक-दीर्घा' से छलांग लगा दी। कूदने के बाद एक युवक सांसदों की सीटों को फांदता रहा और सदन में अफरा-तफरी मच गई। दहशत में सांसद 'पकड़ो-पकड़ो' चिल्लाने लगे। अचानक एक युवक ने अपना जूता खोला और 'स्मोक कैन' का इस्तेमाल किया। नतीजतन लोकसभा में पीला-सा धुआं फैलने लगा। बसपा सांसद मलूक नागर, आरएलपी सांसद हनुमान बेनीवाल और एक सिख सांसद की बहादुरी ने युवक को घेरबंदी की और सांसदों ने उन घुसपैठियों को दबोच लिया। खूब पिटाई भी की। बाद में मार्शल और सुरक्षाकर्मी आए और युवकों को पकड़ कर बाहर ले गए। सदन की कार्यवाही स्थगित की जा चुकी थी।



संसद के बाहरी इलाके में धारा 144 लागू होती है, लेकिन वहां बाकायदा 6 आरोपी संसद भवन के पास जमा हुए और फिर इस घटना को अंजाम दिया और दिल्ली पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी। ऐसे में दिल्ली पुलिस पर सवाल उठना तो लाजिमी है। सूत्रों के मुताबिक, इस संसद सत्र के दौरान करीब 1200 हथियारबंद पुलिसकर्मी ड्यूटी पर तैनात थे। इनमें करीब 400 से ज्यादा पुलिसकर्मी दूसरे जिलों से यहां ड्यूटी करने आए थे, जबकि बाकी पुलिसकर्मी नई दिल्ली जिला पुलिस के थे। फिर भी संसद के भीतर धुआं कांड हो गया।

## स्पष्ट संदेश

बेशक यह आतंकी हमला नहीं था, लेकिन युवकों के मंसूबे कमतर भी नहीं थे। पीला धुआं संसद के भीतर और बाहर भी फैलाया गया और खूब नारेबाजी की गई। घुसपैठिए, धुआं फैला कर स्पष्ट संदेश देना चाहते थे कि भारतीय संसद के भीतर घुसकर हमला भी किया जा सकता है। धुआं जहरीला और जानलेवा भी हो सकता था। उन युवकों के पास हथियार या बम भी हो सकते थे, क्योंकि यह रासायनिक अस्त्रों का दौर है। कल्पना कीजिए कि 2001 के आतंकी हमले के दौरान 150-200 सांसदों को 'सेंट्रल हॉल' में बंद रखना पड़ा था। यदि आतंकी अपने हथियारों के संग सदनों के भीतर घुसने में कामयाब हो जाते, तो कितना बड़ा हादसा हो सकता था!

## बदलाव करने की बात

इसी तरह घुसपैठियों द्वारा छोड़ा गया 'पीला धुआं' घातक और विषैला होता, तो उसके अंजाम कुछ भी हो सकते थे! यह सिर्फ सुरक्षा संबंधी गंभीर चूक नहीं है, बल्कि यह हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा पर हमला भी है। खुफिया विभाग की भी नाकामी है। सुरक्षा बंदोबस्त और जांच-पड़ताल में गहरी दरारें हैं। हमारी संसदीय सुरक्षा धातु-आधारित रही है। उसमें जूता, प्लास्टिक और रबड़ आदि रडार पर नहीं आते। अब इसमें बदलाव करने की बात शुरू हो गई है। अब फुल बॉडी स्कैनर लगाने की भी चर्चा शुरू हुई है। दर्शक-दीर्घा में कांच की दीवार बनाई जा सकती है, ताकि सदन में कूदने की किसी भी संभावना को खत्म किया जा सके। यह प्रहार नये संसद भवन में हुआ है। सवाल है कि बीते तीन माह से संसद की सुरक्षा का आईपीएस प्रभारी, संयुक्त सचिव स्तर का अधिकारी, तैनात क्यों नहीं है? सरकार खाली पदों पर सुरक्षाकर्मियों की भर्ती क्यों नहीं कर रही है? क्या सिर्फ स्पीकर के विशेषाधिकार में ही संसद की सुरक्षा छोड़ी जा सकती है? यह संभव ही नहीं है। संसद में देश के प्रधानमंत्री, स्पीकर और सभापति, मंत्री गण और चुने हुए सांसद बैठते हैं और देश की दिशा और दशा तय करने के फैसले लेते हैं। क्या आतंकी घुसपैठिए उन तक भी पहुंच सकते हैं? यह सवाल आज घोर चिन्तन-मनन का है।

## हंगामा करना महज राजनीति

क्या वे युवक या इस कांड के गिरफ्तार किए गए सभी किरदार 'आतंकवादी' हैं। सभी के व्यक्तिगत खुलासे देश के सामने हैं। एक बात मैं अपने अनुभव से स्पष्ट कर सकता हूं कि संसद के भीतर जाना बिल्कुल भी आसान नहीं है। सांसद के सिफारिशी पत्र के बावजूद दीर्घा तक पहुंचना सरल नहीं है। संसद की कार्यवाही कवर करने वाले पत्रकारों को भी कंप्यूटरीकृत सुरक्षा जांच से गुज़रना पड़ता है। दीर्घा से पहले एक छोटा-सा रिसेप्शन होता है, जहां बैग, मोबाइल, कोई अन्य संवेदनशील वस्तु आदि छोड़ कर आप दीर्घा में जा सकते हैं। दीर्घा में जाने वाले के पास एक पेन और नोटबुक की ही अनुमति है। आरोपितों के खिलाफ आतंकवाद रोधी अधिनियम यूएपीए की धारा 16 और 18 में मामले दर्ज किए गए हैं। आपराधिक साजिश, देश को तोड़ने, सांसदों के काम में बाधा डालने सरीखी धाराएं भी लगाई गई हैं। यूएपीए में ही फांसी या आजीवन कारावास की सजा दी जा सकती है। बेशक उच्चस्तरीय जांच की जा रही है। उसके ठोस निष्कर्षों के बिना गृहमंत्री सदन में वक्तव्य नहीं दे सकते, यह विपक्ष के सांसदों को भी ज्ञात होना चाहिए। लिहाजा लोकसभा में हंगामा करना महज राजनीति है। बेरोज़गारी और महंगाई, यकीनन, राष्ट्रीय समस्याएं हैं, लेकिन वे आतंकवाद या घुसपैठ अथवा किसी प्रहार के जरिये संसद के भीतर नहीं जा सकतीं। लिहाजा विपक्षी सांसद आरोपितों को 'बेचारा बेरोज़गार' या 'भूला-भटका' मत कहें। अभी तो यह यथार्थ सामने आना है कि संसद में कूदने वाले युवक और उनके 'मास्टर माइंड' कौन हैं? किस संगठन से जुड़े हैं या कौन उन्हें फंडिंग कर रहा है? जब कश्मीर में आतंकवाद और जेहाद चरम पर थे, तब भी सियासत की एक जमात युवा आतंकियों को 'भूला-भटका' मानती थी, लेकिन अकेले उस आतंकवाद ने करीब 45,000 जिंदगियां छीन ली थीं। पंजाब और पूर्वोत्तर के आतंकवाद की तो मैं चर्चा ही नहीं कर रहा हूं। और अब तो संसद पर प्रहार किया गया है। यह गंभीर बात है।

## सुरक्षा की समीक्षा

घुसपैठियों की 'शहीद भगत सिंह' या 'नेताजी सुभाष चंद्र बोस' सरीखों से तुलना करना भी देशद्रोह है। महान क्रांतिकारियों को बदनाम करने का दुस्साहस है। इसका सभी खंडन करें और सोशल मीडिया को भी तलब करें। विपक्ष को यह बताना भी अनिवार्य है कि मैसूर के विवादित भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा से स्पीकर ओम बिरला स्पष्टीकरण ले चुके हैं और जांच समिति भी उनसे पूछताछ करेगी। कमोबेश अब सरकार और विपक्ष को इस मुद्दे पर साझा विमर्श करना चाहिए कि संसद में सुरक्षा के चाक-चौबंद बंदोबस्त कैसे किए जा सकते हैं? सुरक्षित होना जरूरी है।

# भविष्य के नजरिये से परखें नेतृत्व परिवर्तन को



**तीन नए सीएम**

उमेश चतुर्वेदी

वरिष्ठ पत्रकार

अपने फायदे के लिए राजनीति बेशक जज्बात का इस्तेमाल करती है, लेकिन असलियत में वह बेहद निर्मम होती है। इसे बिडंबना ही कहेंगे कि राजनीति जिस बुनियाद पर, जिसके नाम पर कदम-दर-कदम आगे बढ़ती है, वह लोक स्वभाव से कहीं ज्यादा भावुक होता है। हर चुनावों के बाद जज्बात का यह रेला उमड़ता है और कई बार इतिहास के कूड़ेदान में कहीं खो जाता है। पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव और तीन राज्यों में मिली प्रचंड जीत के बाद भाजपा ने जिस तरह के कदम उठाए हैं, उसके बाद जज्बातों का यह रेला एक बार फिर दिख रहा है। भाजपा के प्रशंसक और वोटर वर्ग में जहां मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे शिवराज सिंह चौहान के लिए भावनाओं का यह ज्वार कहीं ज्यादा उमड़ा दिख रहा है। दिलचस्प यह है कि जज्बात का यह रेला मोदी विरोधी मीडिया और राजनीति की ओर से भी हिलोरें लेता नजर आ रहा है, जो शिवराज के लिए बेचारा भाव दिखाते हुए मोदी-शाह की जोड़ी की रणनीति पर सवाल खड़े कर रहा है। हालांकि प्रशंसकों व मोदी विरोधी सियासी मोर्चे की भावुकता में भी राजनीति है। मोदी विरोधी खेमे की भावुकता में राजनीति की चाशनी ज्यादा है।

लेकिन सवाल यह है कि क्या नरेंद्र मोदी-अमित शाह की जोड़ी ही भारतीय लोकतांत्रिक इतिहास की पहली शख्सियत है, जो जज्बात और पारंपरिक राजनीतिक मुहावरों को किनारे रख रही है? यादों की खोह से जब हम गुजरेंगे तो हमें पता चलेगा कि यह पहला मौका नहीं है, जब किसी विजेता मुख्यमंत्री को अगली सरकार के नेतृत्व से वंचित कर दिया गया।

याद कीजिए, 1985 के विधानसभा चुनावों को। जिस मध्य प्रदेश के शिवराज को लेकर जज्बातों का ज्वार उमड़ रहा है, उसी मध्य प्रदेश और बिहार में 1985 में विधानसभा चुनाव हुए थे। मध्य प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह की अगुआई में कांग्रेस चुनाव मैदान में उतरी थी। बेशक इंदिरा गांधी की हत्या की याद ताजा थी। लेकिन यह भी नहीं भूलना चाहिए कि भोपाल गैस त्रासदी से उपजे जख्म भी ताजे थे। कांग्रेस को ना सिर्फ जीत मिली, बल्कि पिछले 1980 के चुनावों की तुलना में दो सीटें ज्यादा यानी 250 सीटों पर जीत मिली थी। कुछ-कुछ आज ही की तरह के तब भी हालात थे। विपक्षी भाजपा की सीटें 60 से घटकर 58 रह गई थीं। यहां जान लेना जरूरी है कि तब मध्य प्रदेश से छत्तीसगढ़ अलग नहीं हुआ था। उस दौरान मध्य प्रदेश की विधानसभा में 320 सीटें होती थीं। अव्वल तो इस जीत का श्रेय अर्जुन सिंह को जाता था। इस लिहाज से एक बार फिर उन्हें ही राज्य की कमान मिलनी चाहिए थी। अर्जुन सिंह की





आस बेमानी भी नहीं थी। लेकिन राजीव गांधी ने उनकी जगह पूर्व पत्रकार और कभी राजनादगांव जिले के खबरनवीस रहे मोतीलाल वोरा को कमान सौंप दी थी। मोतीलाल ने राजनीति की शुरूआत सोशलिस्ट पार्टी से की थी। तब भी मध्य प्रदेश कांग्रेस में कई लोग ऐसे रहे होंगे, जिन्होंने कांग्रेसी राजनीतिक माहौल में ना सिर्फ सांस लेना शुरू किया होगा, बल्कि उनका सियासी कद आसमान छू रहा होगा। लेकिन राजीव गांधी ने मोतीलाल वोरा पर भरोसा किया।

1985 के ही शुरूआती महीनों में बिहार में भी विधानसभा के चुनाव हुए। तब कांग्रेसी सरकार की अगुआई चंद्रशेखर सिंह कर रहे थे। उनकी अगुआई में बिहार विधानसभा की 324 सीटों में से कांग्रेस ने 196 सीटों पर भारी जीत मिली थी, जबकि इसके ठीक पहले 1980 में हुए विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को 169 सीटों पर जीत मिली थी। 1980 के चुनावों के आंकड़ों के हिसाब से देखें तो 1985 की जीत के लिए कुछ हद तक चंद्रशेखर सिंह को भी श्रेय दिया जाना चाहिए। इस लिहाज से मुख्यमंत्री की कुर्सी पर उनका हक बनता था। पिछले चुनाव की तुलना में 27 सीटें ज्यादा जीतने की वजह से उनका दावा और भी मजबूत था। लेकिन राजीव गांधी ने मध्य प्रदेश की तरह चंद्रशेखर सिंह की बजाय बिंदेश्वरी दुबे पर भरोसा किया और उन्हें कांग्रेसी ताज सौंप दिया गया। यह पता नहीं है कि 1985 में अर्जुन सिंह और चंद्रशेखर सिंह को लेकर आज के शिवराज के पक्ष में उठे जज्बात की तरह कोई लहर चली या नहीं। बहरहाल ऐसे में यह मानना कि शिवराज को मौका ना मिलना भारतीय राजनीति के लिए कोई पहली घटना है, वह गलत है, ऐसा अतीत में भी हो चुका है।

राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में जिस तरह जमे-जमाए नेताओं को मौका न देकर भाजपा ने जिस तरह नए व अनजान जैसे नेताओं को कमान सौंपी है, उसकी भाजपा से ज्यादा विरोधी खेमे की ओर से आलोचनाएं हो रही हैं। कहा जा रहा है कि मोदी-शाह का कदम प्रचलित राजनीतिक सिद्धांतों की बलि है। भाजपा में भी पहली बार ऐसा नहीं हो रहा है। याद कीजिए, 2003 के मध्य प्रदेश और राजस्थान के चुनावों को। तब मध्य प्रदेश में सुंदरलाल पटवा, गौरीशंकर शेजवार, विक्रम वर्मा, कैलाशचंद्र जोशी जैसे कद्दावर नेता मौजूद थे, लेकिन भाजपा ने उनकी तुलना में अपेक्षाकृत नई और युवा नेता उमा भारती को चुना। उमा भारती ने भी बीजेपी को निराश नहीं किया और 2003 में भाजपा को राज्य में भारी जीत मिली। इसी तरह जब उसी साल वसुंधरा पर भाजपा ने राजस्थान के लिए भरोसा जताया, तब बेशक राजस्थान भाजपा के दिग्गज भैरो सिंह शेखावत उपराष्ट्रपति बन चुके थे। उनके बाद ललित किशोर चतुर्वेदी, गुलाब चंद कटारिया, हरिशंकर भाभड़ा जैसे दिग्गज नेता तब राजस्थानी राजनीति में सक्रिय थे। जसवंत सिंह को भी इसी श्रेणी में रख सकते हैं, लेकिन पार्टी ने उनकी तुलना में नई वसुंधरा पर भरोसा जताया और उन्हें कमान सौंप दी। कुछ इसी तरह 2001 में गुजरात में नरेंद्र मोदी को भी कमान सौंपी गई। जबकि वहां केशुभाई पटेल, शंकर सिंह बाघेला, सुरेश राणा जैसे दिग्गज नेता पहले से ही थे, लेकिन पार्टी ने मोदी पर भरोसा जताया। इन नेताओं ने अपनी परिस्थितियों में बेहतर प्रदर्शन किया। अपने संगठन को भी ऊंचाई तक पहुंचाया और अपनी सरकारों को भी। 2001 के गुजरात के नए नेतृत्व की ताकत तो अब देश देख रहा है। नरेंद्र मोदी देश ही नहीं वैश्विक क्षितिज पर छा गए हैं। इन संदर्भों में कह सकते हैं कि भाजपा ने तीनों राज्यों में जिन नए नेतृत्वों पर भरोसा जताया है, उसकी भी वजह यही रही है कि ये संगठन और परिदृश्य को भविष्य में नई ऊँचाइयां देंगे।

इन अर्थों में कांग्रेस में बदले गए नेतृत्व को भी परखना होगा। यह देखना होगा कि उन्होंने किस तरह अपनी पार्टी को फायदा पहुंचाया। एमपी में मोतीलाल वोरा को देखिए। वे अगली बार अपनी सरकार को वापस नहीं जिता पाए। यही स्थिति बिहार में भी हुआ। बिंदेश्वरी दुबे 3 साल बाद ही हटा दिए गए। जगन्नाथ मिश्र आए। उसके बाद कांग्रेस बिहार में लौट ही नहीं पाई।

दरअसल कांग्रेसी और भाजपायी नेतृत्व परिवर्तन में सोच और दृष्टि को लेकर काफी अंतर है। बीजेपी के बारे में कहा जा सकता है कि नेतृत्व परिवर्तन की वजह नए नेतृत्व को उभारना और उसके जरिए संगठन को भविष्य के अनुरूप तैयार करना है, जबकि कांग्रेसी नेतृत्व परिवर्तन में या तो आलाकमान की अपनी पसंद-नापसंद दिखती रही है या फिर क्षत्रपों की मठाधीशी। कांग्रेसी राजनीतिक हल्के में यह प्रवृत्ति बीते विधानसभा चुनावों में भी दिखी। अगर कमलनाथ और दिग्विजय सिंह ने नए नेतृत्व के लिए राह खाली की होती या उन्हें मौका दिया होता, कुछ ऐसी सोच अशोक गहलोत की रहती तो शायद कांग्रेस के लिए चुनावी नतीजे ऐसे नहीं होते। लेकिन दोनों राज्यों में स्थापित नेतृत्व की दबंगई कायम रही। कांग्रेस का आलाकमान भी इनके सामने दयनीय रहा। तेलंगाना में उसने नए नेतृत्व पर भरोसा जताया और हालात बदल कर रख दिया।

कांग्रेसी हल्के में नेतृत्व परिवर्तन के पीछे दूरंदेशी अंदाज कम नजर आता है, जबकि बीजेपी की सोच इसके उलट नजर आती है। हो सकता है कि नेतृत्व परिवर्तन के पीछे बीजेपी आलाकमान की अपनी पसंद और नापसंद भी रही हो, लेकिन मोटे तौर पर यह दृष्टिगोचर नहीं हो रहा। इसीलिए शायद बीजेपी लगातार आगे बढ़ती दिख रही है।

# विरोध का तरीका सही नहीं



**धुआं कांड**

सुरेश हिंदुस्थानी

वरिष्ठ पत्रकार

लोकतंत्र में सरकार की कार्यप्रणाली से सहमत या असहमत होना एक जायज प्रक्रिया है। रचनात्मक विरोध लोकतंत्र को और भी मजबूत बनाता है, लेकिन अभी लोकसभा के अंदर जिस प्रकार से कुछ अराजक लोगों ने धुआं कांड करके दहशत पैदा करने की कोशिश की, वह अक्षम्य है। ऐसे अराजकों के खिलाफ कार्रवाई होनी ही चाहिए, पर उससे भी दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस कांड पर राजनीति हो रही है। तथ्यात्मक बात यह है कि विपक्षी दलों ने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग के बजाय सरकार को निशाने पर लिया है। सुरक्षा की जिम्मेदारी सरकार की होती है, इसलिए सरकार की ओर से इस मामले में जिम्मेदारी वाला व्यवहार किया ही जाना चाहिए, लेकिन विपक्ष का रवैया भी देश हित का होना चाहिए, क्योंकि अपराध को लेकर राजनीति करना देश के लिए घातक है। यहां सुरक्षा में चूक तो है ही, इसके लिए सुरक्षा एजेंसियां अपनी जिम्मेदारी से मुंह नहीं मोड़ सकतीं।

वर्तमान में देश की सभी समस्याओं के लिए जिम्मेदार ठहराने के लिए केंद्र सरकार को निशाने पर लेना एक आम बात होती जा रही है। इसके लिए राष्ट्रीय एकता और संप्रभुता की मर्यादाओं को भी लांघने का कृत्य भी यदा-कदा दिखाई देता है। यह बात सही है कि विविधता वाले भारत देश में कोई एक बात सबको सही लगे, यह हो ही नहीं सकता, लेकिन लोकतंत्र यही कहता है कि विरोध जताने का तरीका अहिंसक, लोकतांत्रिक व शांतिपूर्ण होना चाहिए। व्यक्तिगत स्वार्थ व्यक्ति को अधिकांशतः गलत मार्ग पर ही ले जाने के लिए प्रेरित करता है। विपक्ष का रवैया आरोपियों के हौसले बढ़ाने वाला है, वे आरोपियों पर नरम और सरकार पर गर्म हो रहे हैं। हालांकि यह भी सर्वथा सत्य है कि देश की संसद पर इस प्रकार का कृत्य सरकार द्वारा प्रायोजित सुरक्षा पर भी अनेक प्रकार के सवाल स्थापित करता है। विपक्ष की ओर से उठाए जाने वाले सवाल जायज हैं, लेकिन सुरक्षा के मुद्दे को राजनीतिक रूप से उठाना अत्यंत गंभीर है। विपक्षी दल के सांसद भी देश की संसद का हिस्सा हैं, इसलिए उनकी भी भारत की संवैधानिक संस्थाओं के प्रति जिम्मेदारी कम नहीं होती। सरकार के हर कदम की आलोचना करना मात्र ही राजनीति नहीं होती। राजनीति में देश भाव दिखना चाहिए।

आज देश का राजनीतिक वातावरण एक प्रकार से प्रदूषित जैसा दिखाई देता है। देश में इस राजनीतिक प्रदूषण के लिए हर राजनीतिक दल जिम्मेदार है, क्योंकि आज के राजनीतिक दल एक दूसरे को नीचा दिखाने और स्वयं को स्थापित करने की राजनीति करते दिखाई देते हैं। वास्तविकता यह है कि इस प्रकार की राजनीति किसी भी प्रकार से देश हितैषी नहीं कही जा सकती, लेकिन सवाल यह भी है कि संसद की मजबूत सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देते हुए कुछ लोग असंसदीय हरकत कर देते हैं। यह घटना सरकार के सुरक्षा इंतजामों पर गहरे सवाल अंकित करती है। अगर विपक्षी दल सरकार के गृह मंत्री पर सवाल उठाते हैं तो इसमें गलत क्या है। गृह मंत्री को जवाब देना ही चाहिए, क्योंकि गृहमंत्री जवाब नहीं देंगे तो कौन देगा? यहां पर सवाल यह भी आता है कि अगर गृह मंत्री जवाब देने के लिए आते हैं तो क्या विपक्ष उनको सुनने को तैयार होगा? ऐसा इसलिए कि कई बार विपक्षी दल चर्चा से भागे हैं। हालांकि सुरक्षा बलों ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार होने वाले आरोपियों से पूछताछ हो रही है।

इस घटना को चाहे कुछ भी रूप दिया जाए, लेकिन इतना अवश्य कहा जा सकता है कि इन सभी ने कानून अपने हाथ में लिया है। विपक्षी नेता इन आरोपियों के बारे में यह वकालत करते दिखते हैं कि वह बेरोजगारी के कारण मोदी सरकार से दुखी थे, और वे सरकार के विरोध में आक्रोश व्यक्त कर रहे थे। परंतु विपक्षी दलों को यह भी समझना चाहिए कि क्या आक्रोश व्यक्त करने का यह तरीका ठीक था? इसका प्रथम दृष्टया उत्तर यही होगा कि विरोध करने का स्थान संसद नहीं



होना चाहिए। जैसे विरोध के अन्य आंदोलन होते हैं, वैसे ही लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करना चाहिए। यहां एक सवाल यह भी आ रहा है कि जो विरोध करने वाले हैं, उनको संबल कौन दे रहा है? उनके पीछे कौन हैं? भाजपा के वे सांसद जिन्होंने इन धुआं कांड के आरोपियों का पास बनवाने में सहयोग किया, आखिर उनसे चूक कैसी हुई? क्या वे सांसद भी धुआं कांड की साजिश करने वालों के शिकार बन गए? पास बनवाने में मदद करने वाले की भूमिका की जांच होनी चाहिए। संसद में हुई घटना के निहितार्थ कुछ भी हों, लेकिन सुरक्षा का विषय कभी राजनीतिक नहीं होना चाहिए। आरोपियों की कार्यवाही के बाद लोकसभा में जिस प्रकार का दृश्य दिखाई दिया, उससे एक भय पैदा हुआ। सांसद इधर उधर भागने लगे। आतंक की स्थिति निर्मित हो गई थी। यह एक प्रकार से सुरक्षा बलों की नाकामी ही थी। और भी बड़ी घटना हो सकती थी, क्योंकि आरोपी जिस प्रकार से संसद के अंदर पहुंचने में सफल हो गए, उसके आधार पर कहा जा सकता है कि ऐसे ही खतरनाक इरादों वाले भी पहुंच सकते थे। इसके बाद फिर वैसा ही दृश्य उपस्थित होने में देर नहीं लगती, जो 2001 में 13 दिसंबर को दिखाई दिया था। सवाल यह भी है कि आरोपियों ने इसी दिन को क्यों चुना? क्या इसके तार भी उस घटना से जुड़े हैं। इस बात की जांच की जानी चाहिए। खैर, जो भी हो घटना को हल्के में नहीं लेना चाहिए। सत्ता पक्ष और विपक्ष को भी इसकी गंभीरता समझना चाहिए, क्योंकि यह सब सुनियोजित तरीके से किया गया था। नारे लगाना और स्मोक बम फोड़ना उस स्थान पर सामान्य बात नहीं है, जहां ऐसा करना प्रतिबंधित हो। इस घटना को देश मानस के हिसाब से देखना चाहिए, राजनीतिक दृष्टि से नहीं।

# आपत्तियों के निस्तारण तक कतर्नियाघाट के भरथापुर का विस्थापन टला

**भरथापुर के विस्थापन में रोडा बन रही आपत्तियां पात्रता निर्धारण समिति**

**अमन लेखनी समाचार/मिथिलेश जायसवाल**

मोतीपुर, बहराइच। लंबे समय से भरथापुर के विस्थापन की प्रक्रिया चल रही है लेकिन बार-बार आपत्तियों की वजह से विस्थापन की कार्यवाही बाधित हो रही है। वही गांव निवासी काफी संख्या में लोग सरकार द्वारा जारी की गई गाइडलाइन से संतुष्ट है। लेकिन अन्य लोगों के संतुष्ट न होने से विस्थापन की प्रक्रिया आगे बढ़ने से पूर्व ही रुक जा रही हैं। जिससे लोगों में निराशा है वही प्रशासन भी ग्रामीणों की आपत्तियों के निस्तारण के बाद ही विस्थापन की बात कह रहे हैं जिससे कि विस्थापन के दौरान कोई समस्या उत्पन्न ना हो। सरकार द्वारा कई वर्षों से भरथापुर विस्थापन की कवायद की जा रही है लेकिन हर बार आपत्तियों के



कारण विस्थापन प्रक्रिया में रूकावट उत्पन्न हो रही है। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के घने जंगलों के बीच ट्रांस गेरूहा के उस पार बसे गांव भरथापुर के विस्थापन प्रक्रिया अब अन्तिम दौर में पंहुच चुकी थी 1अक्टूबर को मिहीपुरवा तहसील से लेखपाल और राजस्व निरीक्षक की टीम द्वारा ग्राम भरथापुर पंहुच कर लोगों को उनके दांवों के सम्बन्ध में जानकारी दी जा चुकी थी और पात्रता निर्धारण समिति/सर्वे दल द्वारा पात्र पाये गये लोगों की सूची को भरथापुर के निवासियों को पढ़कर सुनाया गया था। जिसके बाद एक सप्ताह का समय आपत्तियां देने के लिए निर्धारित किया गया था इस बार 61 लोगों ने फिर आपत्तियां दी है जिसके संबंध में पात्रता निर्धारण समिति की बैठक मंगलवार को उपजिलाधिकारी मिहींपुरवा के कार्यालय में आयोजित हुई जिसमें प्राप्त आपत्तियों पर चर्चा की गयी। आपत्तियों के निस्तारण के लिए तहसील स्तरीय पात्रता निर्धारण समिति की बैठक में एसडीएम मिहीपुरवा संजय कुमार की अध्यक्षता में उप प्रभागीय वनाधिकारी गिरजापुरी रमेश चौहान, वन क्षेत्राधिकारी कतर्नियाघाट अनूप कुमार,पी डब्ल्यू डी के अवर अभियंता बृजेश प्रताप सिंह के बीच हुई सभी आपत्तियों पर विचार विमर्श किया गया जिसके बाद पात्रता निर्धारण समिति ने आपत्तियों की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर जिला स्तरीय समिति पात्रता निर्धारण समिति को भेजने का निर्णय लिया गया है। उपजिलाधिकारी मिहीपुरवा संजय कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी बहराइच मोनिका रानी के निर्देश पर पात्रता निर्धारण समिति बनाई गई है जो भरथापुर गांव की पात्रता सूची को ग्रामीणों को सुनाया जिसपर 61 आपत्तियां प्राप्त हुई हैं, जिसकी विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर निस्तारण हेतु जिला स्तर पर भेजी जायेगी जिससे भरथापुर की विस्थापन प्रक्रिया जल्द पूरी हो सके। ऐसे में भरथापुरवासी जो जल्द विस्थापन की आस लगाए हुए थे उनकी आशा अब निराशा में बदलती हुई नजर आ रही है।

# बीडीओ कैसरगंज का तुगलकी फरमान

## खबर का दिख रहा है असर, सदमे में ब्लॉक प्रशासन

**कार्यालय मे स्टाफ के अतिरिक्त अन्य लोगों का किया प्रवेश वर्जित**

**अब क्या होगा फरियादियों का हाल, खड़ा हुआ बड़ा सवाल**

**अमन लेखनी समाचार/फैजान**




कैसरगंज, बहराइच जनपद बहराइच के ब्लॉक कैसरगंज के खण्ड बिकास आधिकारी अमन वर्मा से संबंधित पूर्व में निर्धारित समय पर ब्लॉक परिसर में उपस्थित नहीं होने के कारण खबर प्रकाशित होने पर बौखलाए बीडीओ ने तुगलकी फरमान जारी किया है कि खंड विकास अधिकारी के कार्यालय में कार्यालय स्टाफ के अलावा किसी अन्य व्यक्ति का प्रवेश वर्जित है। अब सवाल या उठता है कि जन सामान्य अपनी विकास से संबंधित शिकायत किससे दर्ज कराए क्योंकि बीडीओ कैसरगंज ने तो आम जन मानस को तो अपने कार्यालय में आने से प्रतिबंधित कर दिया है। उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा यह स्पष्ट रूप से आदेश दिया गया है कि जनसुनाई के समय अपने मुख्यालय पर उपस्थित रहे और क्षेत्र से आए हुऐ फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उचित समाधान करें। परन्तु खण्ड विकास अधिकारी ने कार्यालय में स्टाफ के अलावा किसी को भी प्रवेश करने से रोक दिया है। ऐसी स्थिति मे अब क्षेत्र की पीड़ित जनता अपने दर्द को किससे कहेगा और समाधान कैसे होगा और इस तरह के खंड विकास अधिकारी से क्षेत्र की जनता अपनी समस्याओं का निस्तारण कैसे संभव करा पाएगी। ऐसे खंड विकास अधिकारी के इस कार्य से यह भी प्रतीत होता है कि उच्च स्तर के अधिकारियों का कोई भी आदेश उनके ऊपर लागू नहीं हो रहा है और वह बहुत ही मनमाने तरीके से अपने सभी उच्च अधिकारियों के आदेशों को दरकिनार करते हुए मनमाने ढंग से तानाशाही रवैया अपनाते रहेंगे। पीड़ित जनता इनके मनमानी रवैया का शिकार होती रहेगी।

## संक्षेप

### विशेष लोक अदालतों का आयोजन माह जनवरी में

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा कार्यपालक अध्यक्ष, उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार एन०आई०एक्ट की धारा-138 से संबंधित लम्बित वादों के 22, 23 व 24 जनवरी 2024 तथा विद्युत अधिनियम, 2003 के अन्तर्गत लम्बित शमनीय दाण्डिक वादों के निस्तारण हेतु 29, 30 व 31 जनवरी, 2024 को जनपद न्यायालय, बहराइच में विशेष लोक अदालतों का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए अपर जिला जज, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, विराट शिरोमणि ने बताया कि 22, 23 व 24 तथा 29, 30 व 31 जनवरी, 2024 को आयोजित विशेष लोक अदालतों में कोई भी व्यक्ति एन०आई०एक्ट की धारा-138 से संबंधित लम्बित वादों एंव विद्युत अधिनियम, 2003 के अन्तर्गत लम्बित शमनीय दाण्डिक वादों को संबंधित न्यायालय में समय से उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र देकर अपने आपराधिक वाद निस्तारण कराकर विशेष लोक अदालत का लाभ उठा सकते हैं।

### कागजों में बना दिया प्रधान मंत्री आवास

**कार्यवाही हेतू जिलाधिकारी को दिया शिकायती पत्र**

**अमन लेखनी सामाचार**

ललितपुर/केंद्र सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजना प्रधान मंत्री आवास योजना द्वारा झोपड़ी एवम कच्चे घरों में रहने वाले गरीब परिवार के लोगों को लिए केंद्र सरकार ने प्रधान मंत्री आवास योजना चलाई जा रही है वही राज्य सरकार द्वारा विकलांग एवम छः रोगी ग्रस्त लोगों को मुख्य मंत्री आवास योजना अन्तर्गत लोगों को आवास बनाए जा रहे है पर सरकार की योजना में पलीता लगाने वाले जिम्मेदारों अपनी मनमामी कर योजना में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार करने से बाज नहीं आ रहे है हाल ही मैं जिला अधिकारी को दिए शिकायती पत्र में ब्लॉक बिरधा अन्तर्गत रजवारा ग्राम पंचायत निवासी अनंत राम पुत्र छलोने ने जिला अधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में पंचायत सचिव द्वारा प्रधान मंत्री आवास सूची में किया गया खेल को उजागर किए पीड़ित ने बताया लाभार्थी का नाम आवास सूचि में क्रमांक 95पर था जिसको सचिव और ग्राम प्रधान की मिली भगत से 2017में आवास क्रमांक आईडी 40004/413310को 13जुलाई 2017 में उसके नाम का आवास कागजों में पूर्ण दिखा दिया लाभार्थी को उसके साथ हुए आवास में भ्रष्टाचार की जानकारी लगते ही पैरों तले जमीन नहीं रही जब अपने आवास बनाने हेतू ग्राम प्रधान से शिकायत की तो प्रार्थी को अगली सूचि में बनाने का लोग दिया जा रहा है पर कागजों में बने आवास को लेकर पीड़ित ने जिला अधिकारी को प्रार्थना पत्र में सचिव और ग्राम प्रधान पर कड़ी कार्य वाही की मांग की

# पूर्व कैबिनेट मंत्री के पैतृक गांव में आयोजित राम कथा का हुआ समापन

**हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने भंडारा में चखा प्रसाद**

**अमन लेखनी समाचार**

मोतीपुर, बहराइच। उत्तर प्रदेश सरकार में पूर्व सहकारिता मंत्री कैबिनेट रहे मुकुट बिहारी वर्मा जी के पैतृक गांव मदरिया में चल रही संगीतमय श्री राम कथा का समापन हुआ। कथा समापन के बाद हवन पूजन कर दूर दराज से आए हुए संतों को सम्मानित किया गया। तहसील मिहींपुरवा क्षेत्र के ग्राम पंचायत मदरिया में आयोजित संगीतमय श्री राम कथा का समापन हो गया। कार्यक्रम के आयोजक पूर्व सहकारिता मंत्री के छोटे पुत्र ब्लॉक प्रमुख मिहींपुरवा अभिषेक सौरभ वर्मा व बहू नन्दनी वर्मा रही। कथा व्यास सोनम जी द्वारा संगीतमय श्री राम कथा की मनमोहक प्रस्तुति सुनकर श्राद्धालू मंत्र मुग्ध हो गये। कथा सुनने के लिए आसपास के



क्षेत्र के लोग भारी संख्या में पहुंच कर आनंदित हुए। सोमवार को कथा के समापन पर हवन पूजन कार्यक्रम हुआ इसके बाद प्रसाद वितरण भंडारा कार्यक्रम हुआ जिसमें भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि समाजसेवी क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों सहित हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम आयोजक व ब्लॉक प्रमुख मिहींपुरवा अभिषेक सौरभ वर्मा व कैसरगंज विधानसभा संयोजक गौरव वर्मा ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# सफारी के दौरान सामने बाघ देखकर रोमांचित हुए पर्यटक

**बाघ देखकर रोमांचित हुए पर्यटक तस्वीर कैमरे में कैद**

**अमन लेखनी समाचार**

मोतीपुर, बहराइच। कतर्निया घाट वन्य जीव प्रभाग में इन दोनों लगातार पर्यटकों को वन्य जीव का दीदार हो रहा है। चीतल बंदर तेंदुआ के साथ ही लगातार बाघ के दर्शन भी पर्यटकों को हो रहे हैं जिससे पर्यटक रोमांचित हो रहे हैं और कतर्निया घाट आने के लिए आकर्षित होते हैं। लखनऊ के आलमबाग निवासी प्रकेश श्रीवास्तव अपने परिवार के संग सोमवार को अपनी रिश्तेदारी में बहराइच आए थे, मंगलवार वे सभी कतर्नियाघाट फ्रेंड्स क्लब के अध्यक्ष भगवान दास लखमानी के साथ कतर्नियाघाट के भ्रमण पर गए ।सुबह जिप्सी पर सभी लोग जंगल भ्रमण के लिए निकले थोड़ा आगे बढ़ने पर जंगल में एक स्थान पर एक साथ अनेक चीतल हिरणों के बोलने की आवाजें आ रही थी और एक पेड़ पर लंगूर बंदर एक से दूसरी



डाल पर कूद रहे थे और हक हक की आवाज दे रहे थे वहीं निकट मौजूद एक मोर की आवाज से जंगल गूँज रहा था। इन सब बातों को देख क्लब नेचर गाइड और क्लब अध्यक्ष समझ गए की आसपास कोई बाघ या तेंदुआ मौजूद है ।क्लब अध्यक्ष ने सबको सावधान कर दिया और नेचर गाइड ने जिप्सी रुकवा दी और सभी लोग इंतजार करने लगे, थोड़ी देर इंतजार करने के बाद सब की आँखें फटी रह गयीं, क्योंकि उनके सामने एक मादा बाघिन खड़ी थी कुछ देर जिप्सी के सामने खड़ी रहने के बाद जंगल में चली गई। इस दौरान क्लब अध्यक्ष ने बाघिन के चित्र को अपने अपने कैमरे में कैद कर लिया। भ्रमण से लौटकर आए क्लब अध्यक्ष ने कहा कि तराई के बाघ बहुत शमीर्ले होते हैं इंसान की आहत या आवाज सुनने पर रास्ता बदल लेते हैं, इसलिए जंगल में बाघ देखने के लिए सैलानियों को शांत रहकर जंगल की आवाज पर ध्यान बनाए रहना चाहिए । सामने बाबाघ देखकर पर्यटक रोमांचित हुए और उन्होंने कतर्नियाघाट को पर्यटन के लिए बेहतर बताया।

# कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही का आगमन 21 दिसम्बर को

**अमन लेखनी समाचार**



बहराइच। मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग, उत्तर प्रदेश श्री सूर्य प्रताप शाही का 21 दिसम्बर 2023 को जनपद आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। श्री शाही 21 दिसम्बर 2023 को अपरान्ह 01:00 वन्य जीव विहार कतर्नियाघाट के अतिथि गृह पहुंचकर अपनी सुविधानुसार स्थानीय कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे तथा रात्रि विश्राम कतर्नियाघाट में करेंगे। मंत्री श्री शाही 22 दिसम्बर 2023 को पूर्वान्ह 11:30 बजे कृषि विज्ञान केन्द्र, नानपारा पहुंचकर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा वित्त पोषित प्रशासनिक भवन तथा राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अन्तर्गत स्वीकृत मुगीर्पालन इकाई, बाउण्ड्रीवाल एवं सोलर पैनल का लोकार्पण तथा पालीहाउस, नेट हाउस व तालाब के शिलान्यास कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे इसके पश्चात नानपारा में ही अपरान्ह 12:30 बजे से विकसित भारत संकल्प यात्रा से सम्बन्धित कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। मंत्री श्री शाही अपरान्ह 02:00 बजे इन्दिरा गॉधी स्टेडियम पहुंचकर जिला स्तरीय सांसद खेल प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल होंगे। श्री शाही अपरान्ह 04:00 बजे कैसरगंज में विकसित भारत संकल्प यात्रा से सम्बन्धित कार्यक्रम में प्रतिभाग कर सांय 05:00 बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान कर जायेंगे। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी वी.आई.पी./नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर ने दी है।

# अवैध खनन कर धरती का कलेजा खोखला कर रहे खनन माफिया

**चकबंदी क्षेत्र में भवन निर्माण को लेनी पड़ती है विभाग के परमिशन**

**खनन माफिया चकबंदी एवम राजस्व अधिकारियों की मिली भगत से किसानों की जमीन का अस्तत्व खत्म होता जा रहा है**

**अमन लेखनी सामाचार**

ललितपुर जिला में खनन कारोबार चर्म सीमा पर किया जा रहा है खनन करोबारियों ने जिला प्रशासन को कार्यवाही को लेकर खुली चुनौती दे रखी है पर राजस्व खनन विभाग के आला अधिकारियों की मिली भगत से इस जमीनी कारोबार को बड़ा अंजाम दिया जा रहा है ललितपुर जनपद



जिला मुख्यालय के समीप गांव में चकबंदी क्षेत्र अन्तर्गत आने वाले राजस्व गांव रघुनाथपुरा, रजवारा,मैलवारा, कला, मैलवारा खुर्द, बिरारी, खोखरा कचनौंदा खड़ोबरा, धोबनखेरी बरखिरिया सहित कई गांव चकबंदी क्षेत्र में आते हैं जहां किसानों की जमीन की पैमाइस करना मना है ग्रामीण लोगों को अपनी जमीन पर भवन निर्माण करने विभाग से परमिशन लेना पड़ता है जिसकी वैधता तीन माह की रहती है पर ललितपुर खोखरा गांव में चकबंदी अधिकारी एवम राजस्व अधिकारियों की मिली भगत से किसानों की जमीन पर खनन विभाग की बिना परमिशन लिए खनन माफिया इस अवैध कारोबार को बडे.पैमाने पर अंजाम दे रहे है जानकारी अनुसार शिकयत करने पर पीड़ितों को अपनी दबंगी का खौफ दिखा उनकी जुबान बंद करा दी जाती है ज़िम्मेदार विभागीय अधिकारी मोन बने हुए हैं चकबंदी क्षेत्र में होने वाले खनन कारोबार की ज़िम्मेदारी से जांच हो तो हो सकती है माफियाओं सहित कई विभागीय कर्मचारियों पर बड़ी कार्यवाही।

# बकाये गन्ना मूल्य का तत्काल भुगतान करें चीनी मिल चिलवरिया: डीएम

**चीनी से वाहनों को रिफ्लेक्टर टेप लगवाएं चीनी मिलें**

**अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा**

बहराइच। जनपद में अवस्थित चीनी मिलों द्वारा पेराई सत्र 2022-23 के देय अवशेष गन्ना मूल्य एवं अंशदान तथां चालू पेराई सत्र 2023-24 में गन्ना मूल्य एवं अंशदान के भुगतान की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा चीनी मिल चिलवरिया के जिम्मेदारान को सख्त निर्देश दिया कि सम्पूर्ण अवशेष गन्ना मूल्य/अंशदान का भुगतान तत्काल सुनिश्चित किया जाय। जिला गन्ना अधिकारी को निर्देशित किया गया कि चीनी मिल चिलवरिया द्वारा गन्ना मूल भुगतान समय से न किये जाने पर सम्बन्धित यूनिट के विरूद्ध कठोर कार्यवाही हेतु शासन को पत्र भिजवाए। जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि गत माह अगस्त से अब



तक चीनी मिल चिलवरिया द्वारा रू. 15 करोड़ का भुगतान किया गया है। डीएम ने इसे अपर्याप्त बताते हुए निर्देश दिया कि तत्काल लम्बित गन्ना मूल्य का भुगतान कर दिया जाय। बैठक में मिलवार गन्ना मूल्य व अंशदान भुगतान की समीक्षा में बताया गया कि सत्र 2023-24 में चीनी मिल पारले द्वारा सूचना की तिथि से 14 दिन पूर्व तक के देय गन्ना मूल्य रू. 2976.63 लाख के सापेक्ष रू. 4864.29 लाख एवं चीनी मिल जरवलरोड द्वारा देय गन्ना मूल्य रू 555.19 लाख के सापेक्ष रू. 798.59 लाख का भुगतान किया गया है। चीनी मिल नानपारा की सी.सी.एल. स्वीकृति हो गयी है जिससे वर्तमान सत्र का गन्ना मूल्य भुगतान किया जायेगा। डीएम मोनिका रानी ने बैठक में मौजूद चीनी मिलों के अध्यासियों एवं प्रधान प्रबन्धकों को निर्देश दिया कि गन्ना कृषकों के हित को सर्वोपरि रखते हुए मिल का संचालन करें तथा समय से गन्ना मूल्य व अंशदान का भुगतान करें। गन्ना ढुलाई में प्रयुक्त वाहनों पर रैट्रो रिफ्लेक्टिव टेप एवं पेन्ट लगाये जाने की समीक्षा में बताया गया कि चीनी मिल परसेण्डी द्वारा 135 ट्रक एवं 1895 ट्राली, शिम्भावली शुगर्स लि. यूनिट चिलवरिया द्वारा 15 ट्रक, 20 ट्राला एवं 650 ट्राली, आई.पी.एल. जरवल रोड द्वारा 150 बैलगाड़ी, 10 ट्राला एवं 210 ट्राली तथा श्रावस्ती किसान सहकारी चीनी मिल नानपारा द्वारा 40 बैलगाड़ी, 55 ट्रक एवं 345 ट्राली कुल 3525 पर रैट्रो रिफ्लेक्टिव टेप एवं पेन्ट लगाये जाने की कार्यवाही की गई है। डीएम मोनिका रानी द्वारा निर्देशित किया गया कि माह दिसम्बर एवं जनवरी में कोहरे एवं धुंध की सर्वाधिक संभावना को देखते हुए सड़क दुर्घटना में कमी लाने हेतु सभी चीनी मिलों को योजना बद्ध तरीके से अधिक से अधिक वाहनों पर रिफ्लेक्टर/रिफ्लेक्टिव पेन्ट लगाये जाने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, जिला गन्नाधिकारी आनन्द कुमार शुक्ला, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) राजीव कुमार, प्रवर्तन ओ.पी. सिंह, खान निरीक्षक मनीष कुमार, सहित चीनी मिलों के प्रतिनिधि तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# अधिवेशन के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम तेईस व चौबीस को बरेली में

## उ.प्र. उद्योग व्यापार मण्डल ने पत्रकारवार्ता कर दी कार्यक्रमों की जानकारियां

**अमन लेखनी सामाचार**

ललितपुर। उ.प्र. उद्योग व्यापार मण्डल का अधिवेशन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम 23 व 24 दिसम्बर 2023 को बरेली जनपद में आयोजित होगा। दो दिन तक कई सत्रों में व्यापार मण्डल का प्रशिक्षण शिविर चलेगा। जिसमें संगठनात्मक चर्चा, संगठन की मजबूती पर चिंतन एवं व्यापार को बदले परिदृश्य में ले जाने की योजना बनेगी। इसके साथ ही तय होगा कि आगामी लोकसभा चुनाव में व्यापारियों का कदम क्या होगा ? वह किस दिशा और किस लक्ष्य के साथ आगे बढ़ेंगे। कार्यक्रम के लिए संगठन की प्रदेश टीम ने कई दिन पूर्व से ही तैयारिया शुरू कर दी थी। यहां यह भी बताते चले कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल (रजि.) की स्थापना पूर्व सांसद श्याम बिहारी मिश्रा व लाला विशम्भर दयाल अग्रवाल ने माँ गंगा के पावन तट के किनारे वाराणसी में आज से 50 वर्ष पूर्व की थी। वर्ष 2023 में अपनें 50 वर्ष पूर्ण होने पर संगठन इसको स्वर्ण जयंती वर्ष के रूप मे विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों के तहत मना रहा है, जिसमें दीपोत्सव, व्यापार मण्डल व्यापारियों के प्रतिष्ठान, टोल फ्री मिस्ड कॉल अभियान व पूरे उत्तर प्रदेश में व्यापारी स्वाभिमान यात्रा भी निकाली जा चुकी है। इसका समापन अधिवेशन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम से होगा। इसकी जिम्मेदारी बरेली इकाई को दी गई है। बरेली निवासी प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र गुप्ता के अनुसार 40 प्रमुख पदाधिकारियों की टीम अधिवेशन की तैयारी कर रही है, अतिथि स्वागत, भोजन, विश्राम इन सभी की जिम्मेदारी अलग-अलग लोंगो की वितरित की गई है। प्रदेश सरकार के कई मंत्रियों की भी कार्यक्रम मे आने की संभावना है। विभिन्न सत्रों के माध्यम से व्यापारियों को बदलते बाजार और संशाधनों के प्रति जागरूक किया जायेगा। एक सत्र ऑनलाइन बाजार की चुनौतियों पर भी रखा गया है। इसमें व्यापारियो को बताया जायेगा कि संसाधनों का उपयोग कर अपने बाजार को इससे बड़ा बनाना होगा। यह सब कैसे हो सत्र में इसकी जानकारी दी जायेगी। एक सत्र में व्यापारियों की सकारात्मक ऊर्जा का राष्ट्र निर्माण में उपयोग पर चर्चा होगी। इसके अलावा संभावनाओं को अवसर में बदलने के तरीके भी बताये जायेंगे। प्रशिक्षण का



मुख्य उद्देश्य व्यापारी प्रतिनिधियों में उनकी क्षमता विकसित करने एवं संगठनात्क कार्यो में दक्षता लाना है। युवा व्यापारियों को संगठन से ज्यादा से ज्यादा जोड ? के लिए संगठन की युवा इकाई की गतिविधियों को भी सक्रिय किया जायेगा। प्रशिक्षण शिविर में प्रांतीय पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्ष व मण्डल महामंत्री, जिला चेयरमैन, अध्यक्ष व महामंत्री, नगर अध्यक्ष व महामंत्री के साथ अनुसांगिक संगठन (युवा, महिला, आई.टी) के पदाधिकारी सम्मिलित होगे। दरअसल जिला व नगर कमेटी का सीधे तौर पर स्थानीय बाजार कमेटी से जुड़ाव होता है। एक-एक दुकान तक उनकी पहुंच बाजार कमेटी के माध्यम से आसानी से हो सकती है, इसलिए जिला व नगर के व्यापारी प्रतिनिधियों को प्रदेश के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मुकुन्द मिश्रा जो कि भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के महामंत्री भी है के अनुसार प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग में जहां प्रदेश के प्रमुख पदाधिकारी तो सम्मिलित होगे, वहीं राष्ट्रीय स्तर के प्रमुख व्यापारी नेता भी कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे एवं अलग-अलग सत्रों को संबोधित भी करेंगे। प्रत्येक सत्र के प्रशिक्षण देने के लिए अलग-अलग प्रशिक्षक नियुक्त किये जायेंगे। 20 प्रांतो के व्यापारी नेताओं के कार्यक्रम में आगमन की सूचना संगठन को प्राप्त हो चुकी है। अधिवेशन में अंतिम दिन सम्मान समारोह होगा, जिसमें स्वर्ण जयंती वर्ष के अन्तर्गत संगठन द्वारा आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रमों में दीपोत्सव, व्यापार मण्डल व्यापारियों के प्रतिष्ठान, टोल फ्री मिस्ड कॉल अभियान व व्यापारी स्वाभिमान यात्रा मे उत्कृष्ट योगदान देने वाले जिला व नगर को सम्मानित किया जायेगा। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मुकुन्द मिश्रा, प्रदेश चेयरमैन महेन्द्र जैन मयूर, प्रदेश महामंत्री डा.दिलीप सेठ व राजेन्द्र गुप्ता एवं वरिष्ठ पदाधिकारी इन जिला/नगर के नामों पर विचार कर रहे है।

प्रेस वार्ता में प्रदेश चेयरमैन महेन्द्र जैन मयूर, जिलाध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी, जिला महामंत्री अनिल जैन, डा.प्रीतम सर्राफ, जिनेन्द्र पंसारी, अभय जैन एड., मुन्नालाल, आनन्द जैन, अशोक अनौरा, नवीन सिंघई, पंकज बिरधा, लखन अग्रवाल, महेश सतभैया, आलोक मयूर, सतीश जैन बन्टी, राजीव सुड़ेले, मज्जू सोनी, राहुल मोदी, अंकित सतभैया, राहुल अनौरा, विजय, मनोज जैन, जगदीश जैन, संदीप सर्राफ, अनिल जैन, मु.नईम, सनत जैन, सन्तोष साहू, संजीव कप्तान, महेश जैन मोनू, पुष्पेन्द्र जैन, इं.विनय जैन, रामप्रकाश साहू, अरविन्द गोस्वामी बार, मनोज जैन, संजीव जैन, सुरेश अग्रवाल, अरविन्द, रमाकान्त तिवारी, सन्मति सर्राफ, अरविन्द जैन, जिनेन्द्र जैन, उदयभान सिंह यादव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

**नाम तय कर सम्मान किया जायेगा**

बरेली में आयोजित होने वाले प्रदेश के प्रशिक्षण वर्ग में हमारे जनपद ललितपुर से बरेली प्रदेश चेयरमैन महेन्द्र जैन मयूर, प्रदेश संगठन मंत्री अशोक अनौरा, जिलाध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी, नगर अध्यक्ष महेश जैन मोनू आदि सभी पदाधिकारी 22 दिसम्बर 2023 को साधन रेल एवं निजी वाहन से बरेली पहुंच जायेंगे।

# संक्षेप

## पारिवारिक कलह के चलते युवक ने की आत्महत्या

कमरौली, अमेठी। थाना क्षेत्र कमरौली के अंतर्गत पारिवारिक कलह के चलते युवक ने लगाई फांसी। सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि कुलदीप शुक्ला उम्र 32 वर्ष पुत्र स्वर्गीय हरीश शुक्ला निवासी ग्राम पलिया पश्चिम थाना कमरौली जिला अमेठी का निवासी है। पूछताछ के दौरान एस ओ कमरौली अविनेश कुमार ने बताया कि पारिवारिक कलह के चलते युवक ने आत्महत्या कर ली थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामाबाद विच्छेदन हेतु भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक हकीकत का पता नहीं चल सका ।पुलिस जांच में जुटी, परिजनों ने जब घटना को देखा तो घर में कोहराम मच गया ।

## नहर में पानी संचालन रोस्टर के अनुसार किया गया प्रारम्भ, किसान समय से कर लें सिंचाई कार्य

अमेठी। शारदा सहायक खण्ड-41 के अधिशासी अभियन्ता (नोडल) धर्मेन्द्र वर्मा ने बताया कि जनपद अमेठी के अन्तर्गत आने वाली नहरों में पानी का संचालन प्रारम्भ कर दिया गया है। नदी में पानी की सीमित उपलब्धता के कारण नहरों को रोस्टर करके चलाया जा रहा है।इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि जनपद के समस्त सम्मानित नागरिकों को सूचित किया कि नहरों के कमान्ड क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले समस्त किसान नहर संचालन होने पर तत्काल सिंचाई कार्य कर लें तथा जल का अपव्यय न करें।

## जनपद में आपदा प्रबंधन के अन्तर्गत 21 दिसम्बर से दिया जाएगा प्रशिक्षण

अमेठी। आपदा विशेषज्ञ प्रदीप कुमार ने बताया कि जनपद मे आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण का कार्यक्रम दिनांक 21 दिसंबर 2023 से 30 दिसंबर 2023 तक मनीषी महिला महाविद्यालय गौरीगंज में चलेगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत समस्त आपदाओं के बारे में बचाव की जानकारी मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा दी जाएगी। इस आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद के समस्त विद्यालयों के एक शिक्षक को तथा समस्त ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव एवं पंचायत सहायक को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस संबंध में प्रशिक्षण की तैयारी पूरी कर ली गई है।

## पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा पुलिस कार्यालय में की गयी जनसुनवाई

गौरीगंज, अमेठी। पुलिस कार्यालय गौरीगंज में पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा जनसुनवाई की गयी ।इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुना गया तथा उनके समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गए ।

## मेरठ में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली गई

मवाना, मेरठ के हस्तिनापुर ब्लॉक में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। जिसकी की अध्यक्षता मान्या चतुर्वेदी तथा संचालन राकेश कुमार ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व वक्ता भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री सुनील पोसवाल ने भारत माता की जय के उद्घोष के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिला मंत्री सुनील पोसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 9 वर्ष में सेवा का भाव अपने मन में रखकर भारत के जन जन को सुखी व स्वस्थ बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी की जन हितैषी योजनाओं का लाभ गांव, गरीब, किसान, मजदूर ,व्यापारी सभी को मिल रहा है। जिला मंत्री सुनील पोसवाल ने कहा कि मोदी के नेतृत्व की सरकार ने उज्वला योजना, किसान सम्मान निधि, गरीब कल्याण, स्वच्छ भारत, आयुष्मान भारत के साथ रेल के यातायात को सुगम बनाना देश में हाईवे का निर्माण होना देश में शिक्षा व चिकित्सा की सुविधा को सुदृढ़ बनाने के साथ सैकड़ों, हजारों योजनाएं देशवासियों के हित के लिए चलाई जा रही हैं।

# गार्ड आफ आनर की सलामी से बीएसएफ जवान का हुआ अन्तिम संस्कार

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। गोला के बेवरी गांव स्थित मानव काया के अंतिम पड़ाव मुक्तिधाम पर विकास खण्ड गोला के गोपलापुर गांव निवासी 47 वर्षीय बीएसएफ जवान आदर्श कुमार राय के निधन पर गार्ड ऑफ ऑनर के साथ सलामी देकर दाह संस्कार कर दिया गया। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र अनुपम राय ने दिया, उनके शव यात्रा में गांव तथा क्षेत्र के लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा था। उक्त गांव के विभूति राय के 47 वर्षीय पुत्र आदर्श कुमार राय की भर्ती वर्ष 2001 में बीएसएफ में हुई थी ।वर्तमान में वे जैसलमेर के डाबला बटालियन 108 में हवलदार पद पर तैनात थे,बीते 17 दिसम्बर को छुट्टी लेकर घर आ रहे थे लेकिन ट्रेन लेट होने के कारण जैसलमेर स्टेशन के सामने एक होटल में रुक गए वहा उनकी तबीयत खराब होने पर आकस्मिक निधन हो गया ।उसके बाद उनके शव को सड़क मार्ग से उनके पैतृक गांव लाया गया। जहां गांव तथा क्षेत्र के लोग उनका अंतिम दर्शन करने के लिए दरवाजे पर उमड़ पड़े ।मंगलवार को सुबह उनकी शवयात्रा निकाली गई। जिसमें भारी संख्या में लोग शामिल हुए शव यात्रा गांव से निकलकर उपनगर गोला के मुक्तिधाम पर पहुंची। उनके साथ आए जैसलमेर डाबला बटालियन 108 के बीएसएफ के जवानों ने सब इंस्पेक्टर जटा शंकर के नेतृत्व में गार्ड आफ ऑनर की सलामी देकर उन्हें अंतिम विदाई दिया। बता दें कि इनके दो पुत्र और एक पुत्री है, उनके पत्नी का डेढ़ साल पहले निधन हो चुका है। इस अवसर पर नायब तहसीलदार राकेश कुमार शुक्ल व जय प्रकाश एसएचओ छत्रपाल सिंह, राजस्व निरीक्षक ओमप्रकाश यादव ,अभिनव राय, बीरबहादुर राय, रामदरश राय ,आनन्द प्रताप राय ,दुर्गेश राय ,रामशब्द यादव ,प्रदीप राय, रामानन्द यादव ,अंकित राय, धूपचन्द गौड़ ,गुड्डू राय, फौजी सिन्धू राय, विरेन्द्र राय, जय कन्नौजिया, हरेन्द्र यादव, रमेश प्रसाद सहित तमाम गणमान्य लोग अंतिम संस्कार में शामिल रहे और नम आँखो से शोक व्यक्त करते हुए श्रंद्धाजलि दी।

# कैंसर जांच शिविर में 131 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पिपरौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पिपरौली, जिला गोरखपुर, परिसर में हनुमान प्रसाद पोद्दार कैंसर अस्पताल एवं शोध संस्थान, गीता वाटिका, गोरखपुर द्वारा एक निःशुल्क कैंसर की प्राथमिक जांच एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 131 मरीजों ने आकर कैंसर अस्पताल के चिकित्सक डॉ. राकेश श्रीवास्तव से कैंसर संबंधित परामर्श लिया। लक्षण की जांच कराई तथा उचित निशुल्क दवा पाकर शिविर का लाभ उठाया शिविर का हिस्सा बनने वाले लोगों में बड़ी संख्या में महिलाओं ने बेझिझक अपनी स्वास्थ्य जांच कराकर अपने शक को दूरकर इस शिविर का भरपूर लाभ उठाया। पुरुषो में माउथ, लंग, पेट, प्रोस्टेट आदि में परेशानी वाले लोग आए जबकि महिलाओं में ब्रेस्ट की गांठ, गर्भाशय, मुंह, अंडाशय आदि की समस्या वाले लोग आए। शिविर में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शिवानंद मिश्रा, अजय श्रीवास्तव, सुनीता, रानी त्रिपाठी, श्रीभगवान यादव, सोनी पासवान, नारद, अंकित पांडेय, अस्पताल के डॉक्टर एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# साहब! गीडा पुलिस फर्जी मुकदमे में फंसाने को दे रही धमकी

### पीड़िता ने एडीजी जोन को पत्रक देकर लगाया न्याय की गुहार

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र स्थित के ग्राम कैली गांव एक महिला ने एडीजी जोन को दिए पत्रक में गीडा पुलिस के ऊपर गंभीर आरोप लगाते हुए जान माल की रक्षा करने की गुहार लगाई हैं। कैली निवासी शकुंतला पत्नी अदालती ने मंगलवार को जिले पर एडीजी जोन को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव में आराजी न. 648 उसके पति के नाम से भूमिधरी जमीन हैं। जिसका वाद समक्ष न्यायाल में चल रहा है, जो विचाराधीन हैं। लेकिन बीते रविवार को विपक्षियों के कहने पर स्थानीय पुलिस जबरन समझौता पत्र पर हस्ताक्षर कराकर खेत को जोतवा दिया। जब इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई तो थाने की पुलिस पीड़िता के पुत्र को फोन करके कहा कि तुम अवैध तमंचा दिखा रहे हो, नेता बन रहे हो, तुमको और तुम्हारे परिवार के ऊपर मुकदमा दर्ज करके जिंदगी खराब कर दी जाएगी। डरे सहमे पीड़िता ने एडीजी जोन से अपने व परिवार के रक्षा के लिए न्याय की गुहार लगाई हैं। इस संदर्भ में गीडा एसओ राजेंद्र सिंह का कहना है कि आरोपी सरकारी भूमि कब्जा कर रखा था। जिसे राजस्व टीम द्वारा हटाया गया। पुलिस ने कोई समझौता कराया न ही फर्जी मुकदमे में फंसाने धमकी दी है।

# कोटा चयन प्रक्रिया में धांधली का आरोप, ग्रामीणों का प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार




गोरखपुर। सहजनवा तहसील क्षेत्र स्थित के ग्राम पंचायत कट्या में कोटा चयन प्रक्रिया में धांधली का आरोप लगाते हुए तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। और उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे जगत नारायण ने आरोप लगाया की सोमवार को अधिकारियों के मौजूदगी में पंचायत भवन पर खुली बैठक बुलाई गई थी। खुली बैठक होने से पूर्व अधिकारियों ने सांठ ,गांठ कर एक पक्ष के लोगो को अंदर बुला कर फाटक बंद करा दिया था। जब की दूसरे पक्ष के लोग बाहर खड़े थे। हंगामा करने के बाद फाटक खोला गया। और दावेदारी करने का निर्देश दिया गया। तीन लोगो ने दावेदारी की जिसमे एक ने मेरे पक्ष में समर्थन कर दिया। इसके बाद चयन प्रक्रिया में तैनात अधिकारी दूसरे पक्ष के दावेदार के पक्ष में प्रस्ताव बनाने की तैयारी करने लगे थे। विरोध करने पर अगले तिथि के लिए बैठक कराने का आश्वासन दिया गया। लेकिन आशंका है की चयन प्रक्रिया में तैनात अधिकारी सांठगांठ कर दूसरे पक्ष के पक्ष के समर्थन में प्रस्ताव भेज सकते है। जिसकी जांच कराकर नया तिथि जारी की जाय। प्रदर्शन करने वालो में देव नारायण,सुभन यादव,मुन्नीलाल यादव,महेंद्र प्रताप,अरविंद विश्वकर्मा,अभिमन्यु यादव,नरेंद्र,राजेश,सुरजीत,विनोद कुमार, अजय सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

# जमीन बैनामा के नाम पर 14.54 लाख रुपए की जालसाजी, केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा में जंगल कौड़िया निवासी एक व्यक्ति को जमीन दिलाने के नाम पर दो जालसाज मिलकर उससे 14.54 लाख रुपए की जालसाजी करते हुए रुपया हड़प लिया है ।अपर पुलिस महानिदेशक के आदेश पर पुलिस ने दोनो जालसाज के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से राम निवास पुत्र भोरई निवासी जंगल कौडिया थाना पीपीगंज का सहजनवा थाना क्षेत्र के भरपुरवा निवासी एक व्यक्ति से मानीराम में परिचय हुआ था। धीरे धीरे संबन्ध मधुर हो गया। कहा की एक दोस्त के साथ मिलकर प्रापर्टी डीलर का कार्य करता हूं। एक जमीन सहजनवा में उसे बेचना चाहते है। दोनो जलसाजो ने मिलकर जमीन और कागजात को दिखाया और कहा कि 6 डिसमिल भूमि जिसकी कीमत 24 लाख है। सौदा तय होने पर 5 फरवरी 2019 को 7.34 लाख रुपए जालसाज के खाते में ट्रांसफर किया। और लडके गुगल पे से 1.20 लाख रुपए भेजा तथा 6 लाख रुपए नकद दिया। और कहा की शेष रुपए की व्यवस्था होने जमींन बैनामा हो जाएगा। रुपए की व्यवस्था होने पर जब बैनामे करने की बात आई तो दोनो जालसाज बहाना करते रहे। जानकारी मिली की दोनो जालसाज है। 11 अगस्त को जब रुपया मांगने गया तो दोनो जालसाज गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। पीड़ित ने अपर पुलिस महानिदेशक से न्याय की गुहार लगाया आदेश पर पुलिस ने विजय प्रताप स्व संतराज निवासी भरपुरवा थाना सहजनवा, अमित कुमार पुत्र वीरेंद्र प्रसाद निवासी मधवापुर थाना कसया जिला कुशीनगर के खिलाफ जालसाजी, रुपए हड़पने और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

# पुरानी रंजिश को लेकर घर में घुस कर पीटा, चार पर लूट का केस दर्ज

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र स्थित के पिपरा हेमा में पुरानी रंजिश को लेकर घर में घुस कर मारने पीटने वाले चार आरोपियों के खिलाफ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धिक्षक के आदेश पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के पिपरा हेमा निवासी नीरज देवी पत्नी जितेंद्र चौहान से गांव के एक व्यक्ति से पुरानी रंजिश चलती है। 10 दिसंबर को अपराह्न तीन बजे करीब चार की संख्या विपक्षी लाठी डंडे से लैस होकर घर में घुस आए और पीड़िता के ससुर को मारने पीटने लगे थे। बचाव करने गई तो मनबढ पीड़िता को भी मारकर घायल कर दिए। वह 6 माह की गर्भवती भी है। खून का रिसाव हो रहा है। कान का टप्स भी लूट लिया और घर में रखे सामान को तोड़ डाले। पीड़िता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई आदेश पर पुलिस ने आरोपी संजय चौहान पुत्र स्व शत्रुधन चौहान, राहुल चौहान, किशन चौहा पुत्रगण संजय चौहान, सोनपरी पत्नी संजय चौहान के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट, लूट, तोड़फोड़, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

# बीडीसी सदस्यों ने बीडीओ से मिलकर मनरेगा कार्य कराने की किया मांग




अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा ब्लाक क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने बीडीसी राजेश मिश्रा के नेतृत्व मे सहजनवा बीडीओ से मिलकर मनरेगा में कार्य कराने की मांग किया। बीडीओ राजेश मिश्रा के नेतृत्व में एक दर्जन सदस्य ब्लाक मुख्यालय पर बीडीओ से मुलाकात की ।जिसमे कहा कि हम क्षेत्र पंचायत सदस्यों को नरेगा से कार्य दिया जाय। अभी तक अपर मुख्य सचिव मनोज सिन्हा उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा दिसम्बर 2021 के किसी भी आदेश का धरातल पर पालन नहीं हो रहा है ।क्षेत्र पंचायत सदस्यों को मनरेगा में कार्य दिया जाय। प्रत्येक वित्तीय वर्ष में छः बैठक कराया जाय। इस बारे में बीडीओ रमेश शुक्ल ने कहा कि अभी कही क्षेत्र पंचायत सदस्यों को मनरेगा में कार्य नहीं दिया जा रहा है ।तकनीकी दिक्कत है ।जिलास्तरीय अधिकारियो से वार्ता के बाद फैसला लिया जाएगा। बाकी विंदुओ पर विचार किया जाएगा। इस दौरान ब्रह्मसिंह,क राम साजन अमित सिंह, चन्द्रशेखर, सभा जीत, आशबरन, राजकुमार, देव नारायण, अरविंद, दयानन्द आदि उपस्थित रहे।

# 6 विकास खंडों की 12 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



अमेठी। भारत सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन आज 28वें दिन जनपद के 06 विकास खंडों की 12 ग्राम पंचायतों क्रमशः शहबाजपुर, सराय भागमानी, ढोढनपुर, लीही, हारीमऊ, गूंगेमऊ, वतिया, अंगूरी, धौरहरा, भावलपुर, चंदौकी व उलरा में किया गया। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा सम्बन्धित योजनाओं के स्टॉलों को लगाया गया एवं इन स्टॉलों पर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित रह गये पात्र लाभार्थियों का नामांकन किया गया तथा इस अवसर पर विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के दौरान डे नोडल अधिकारियों द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं जनसामान्य को पंचप्रण की शपथ दिलाई। मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत सरकार के विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित व्यक्तियों द्वारा प्राप्त होने वाले लाभ के बारे में अपने-अपने अनुभवों को बताया गया एवं इस अवसर पर एल0ई0डी0 वीडियो वैन के माध्यम से मा0 प्रधानमंत्री जी का रिकॉर्ड किया गया संदेश जनसामान्य को दिखाया गया, जिसे 26 जनवरी, 2024 तक जनपद के सभी ग्राम पंचायतों में एल0ई0डी0 वीडियो वैन के माध्यम से संचालित किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम में विभिन्न विभागों क्रमशः राजस्व विभाग द्वारा भूमि विवाद से सम्बन्धित राजस्व चौपाल, पुलिस विभाग द्वारा मिशन शक्ति कार्यक्रम, कृषि विभाग, उद्यान विभाग, खादी ग्रामोद्योग, जल जीवन मिशन, एन0आर0एल0एम0, बाल विकास, पेंशन, स्वास्थ्य विभाग सहित कई अन्य विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर अद्यतन योजनाओं व जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक करते हुए अब तक संचालित योजनाओं से वंचित जनसामान्य के आवेदन कराते हुए उन्हें सम्बन्धित योजनाओं के तहत लाभान्वित किया गया। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा गीत, नाटक आदि प्रस्तुत किया गया।

# अनिता देवी मेमोरियल इंटर कालेज में वार्षिक खेल प्रतियोगिता हुआ प्रारम्भ

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गोला विकास खण्ड के अनीता देवी मेमोरियल इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रांगण में वार्षिक खेल - कूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन जूनियर एवं सीनियर छात्र-छात्राओं का रेस एवं सीनियर गर्ल्स एवं बालक वर्ग का कबड्डी खेला गया । कबड्डी में बालिका वर्ग में येलो हाउस एवं बालक में ब्लैक हाउस विनर रहा। 100 मीटर बालक वर्ग में ब्लू हाउस से प्रियांशु गौड़ प्रथम, रेड हाउस में सिंकू प्रथम, व्हाइट ग्रुप में सत्यम यादव प्रथम, बालिका वर्ग में रेड हाउस से काजल प्रथम, ब्लू हॉउस से मिनाक्षी प्रथम , येलो हाउस से छाया यदव प्रथम रही। निर्णायक अमित यादव व शिव प्रजापति रहे ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान प्रतिनिधि दीनानाथ यादव ने कहा कि खेल शारीरिक एवम मानसिक विकास के लिए जरूरी है, खेल अनुशासन के साथ आत्मनियंत्रण सिखाता है। अंत मे विद्यालय के प्रबंधक श्री राम यादव ने सभी आगंतुकों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य कमलाकर मौर्य, आनंद यादव ग्राम



प्रधान , रामाश्रय यादव,धर्मदेव तिवारी, अमरेश दुबे, विनोद राय, आनंद कुमार,धर्मेंद्र कुमार,अमित यादव, विनोद मौर्या, सोमेश्वर जायसवाल, प्रिया तिवारी, मोनिका पांडे, बंदना मिश्रा तथा अन्य लोग उपस्थित रहे।

# संस्था प्रबंधक का जरूरतमंदों मे यथासंभव गर्म शाल वितरण का प्रयास जारी

अमन लेखनी समाचार



बाजार शुक्ल, अमेठी। अपनी निस्वार्थ भावना एवं कुशल कार्यशैली से समाज में अपनी एक अलग पहिंचान बनाने वाले एक मध्यमवर्गीय परिवार में जन्मे ग्राम पंचायत भटमऊ बाजार शुक्ल अमेठी निवासी समाजसेवी एवं कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजिस्टर्ड के प्रबंधक पी के तिवारी जो कि यथासंभव सामाजिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक, खेल, शिक्षा, कृषि एवं चिकित्सा संबंधी सेवाओं में उत्कृष्ट योगदान देते रहते हैं और प्रबुद्धजनों से मुलाकात कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त करते रहते हैं जिससे समाज का प्रत्येक वर्ग उन्हे सम्मानित दृष्टि से देखता है वहीं उसी क्रम मे प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सर्दी के मौसम में संस्था प्रबंधक ने दूसरे दिन भी क्षेत्र के जरूरतमंदों से मुलाकात कर उन्हें गर्म शाल वितरित किया और कहा कि संस्था द्वारा यथासंभव प्रयास जारी रहेगा, वहीं पात्रों ने समाजसेवी पी के तिवारी को दुआएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की,समाजसेवी पी के तिवारी ने कहा वह स्वयं सर्वे कर जरूरतमंदों के बीच पहुंचकर उनकी लिस्ट बनाते हैं और यथासंभव एक छोटा सा प्रयास करते रहते हैं कि जरूरतमंदों की सेवा की जा सके ऐसा करने से उन्हे आत्मसंतुष्टि मिलती है और अपना परम कर्तव्य समझते हैं समाजसेवी पी के तिवारी ने कहा कि वह प्रबुद्धजनों के सहयोग एवं मार्गदर्शन से भविष्य मे और भी बेहतर से बेहतरीन करने की कोशिश करेंगे और समाज के प्रति समर्पित रहेंगे।।

# एंटीरोमियो अभियान के तहत थाना इन्हौना व जायस पुलिस द्वारा चलाया गया चेकिंग अभियान



अमन लेखनी समचार

गौरीगंज, अमेठी। पुलिस अधीक्षक अमेठी के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी के पर्यवेक्षण में थाना इन्हौना व जायस की एन्टी रोमियो टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर मनचलो, शोहदों द्वारा छेड़छाड़ व महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत सतत निगरानी करते हुए अभियान चलाया गया तथा संदिग्धों की चेकिंग की गयी ।

# 700 ग्राम गांजा के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार



अमन लेखनी समचार

गौरीगंज, अमेठी। अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत उ0नि0 संजय सिंह थाना गौरीगंज मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त लक्ष्मीनरायन पुत्र शंकरलाल नि0 धनी जलालपुर थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 52 वर्ष को सैंठा पुल गौरीगंज के पास से समय करीब 07:30बजे बजे गिरफ्तार किया गया ।गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 700 ग्राम गांजा बरामद हुआ ।थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

# रील के चक्कर में खतरे में डाली जिंदगी

- मेरठ में बाइक पर स्टंट करते हुए हाईवे पर बनाया वीडियो, राहगीरों के लिए बना मुसीबत

अमन लेखनी समचार



मेरठ, मेरठ में हाईवे पर खतरनाक स्टंट का वीडियो सामने आया है। युवकों ने हैवी बाइक पर खड़े होकर स्टंट किए। बाइक को सीसॉ झूले की तरह झुलाया। युवकों ने रील बनाने के चक्कर में ये खतरनाक स्टंट किए। बाइक को हवा में ऊपर उठाया। हाईवे पर इस तरह स्टंट करके युवक अपने साथ राहगीरों की जिंदगी भी खतरे में डाल रहे हैं। स्टंट करने के दो वीडियो सामने आए हैं। वीडियो मेरठ किठौर क्षेत्र के बताए जा रहे हैं। वीडियो दो अलग-अलग युवकों के हैं। दोनों ही युवक बाइक से सड़क पर खतरनाक स्टंट कर रहे हैं। एक युवक चलती बाइक पर खड़े होकर हवा में शाहरुख खान स्टाइल में रील बना रहा है। वहीं दूसरे वीडियो में दूसरा युवक चलती बाइक को हवा में बार-बार ऊपर उठाकर कलाबाजी कर रहा है।

# राष्ट्र जागरण अभियान के अंतर्गत गायत्री महायज्ञों की श्रृंखला प्रारंभ

**अमन लेखनी समाचार**

गाजीपुर जिले अखिल विश्व गायत्री परिवार के मुख्यालय शान्तिकुंज हरिद्वार की शाखा गायत्री परिवार ट्रस्ट गाजीपुर के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि केन्द्र के निर्देशानुसार पूरे भारत में राष्ट्र जागरण अभियान के क्रम में गायत्री महायज्ञों की एक विराट श्रृंखला चल रही है जिसमें 24 कुंडीय, 108 कुंडीय, 151 व 251कुंडीय यज्ञों के साथ ही नारी जागरण, युवा जागरण, व्यसन (नशा) उन्नमूलन अभियान के सम्मेलन के कार्यक्रम हो रहें हैं। इसी क्रम में गाजीपुर जिले में भी दिनांक 23 से 26 दिसंबर में भांवरकोल ब्लॉक के मिजार्बाद मनिया के दौलतपुर गांव में नौ कुंडीय युवा जागरण गायत्री महायज्ञ व जमानियां ब्लॉक के जमानियां रेलवे स्टेशन सिंह पैलेस में डिगरी नहर पुलिया के पास में 02 से 05 जनवरी 2024 में 24 कुंडीय राष्ट्र जागरण गायत्री महायज्ञ एवं प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन आयोजित है। श्री सुरेन्द्र सिंह जी ने बताया कि आज भारत पूरे विश्व का प्रतिनिधित्व और मार्गदर्शन कर रहा है। जबकि कुछ अपने ही देश के मंदबुद्धि लोग हमारे युवाओं को भ्रमित कर रहे हैं जिसके परिणाम स्वरूप आज का युवा अपनी देवों की महान संस्कृति भारतीय संस्कृति को छोड़ पश्चिमी सभ्यता के फैशन और व्यसन में अपने आप को बर्बाद कर रहा है। गायत्री परिवार पूरे देश ही नहीं बल्कि पूरे विश्व भारतीय संस्कृति के प्रचार प्रसार और देश के युवाओं को संस्कारित, चरित्रवान व राष्ट्रभक्त बनाने के लिए कई प्रकार के अभियानों को गति दे रहा है। गायत्री परिवार गाजीपुर के जिला समन्वयक श्री लौहर सिंह जी ने बताया कि जनपद में विकासखण्डवार कई बड़े आयोजन दिसंबर से अप्रैल तक विभिन्न तिथियों में चलेंगे जिसमें शान्तिकुंज हरिद्वार आये। गुरुदेव के प्रचार प्रसार किया जायेगा।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जन चौपाल आयोजित

## ग्रामीणों को सरकार की जन कल्याणकारी योजना के बारे में दी जानकारी

**अमन लेखनी समाचार**



मीरजापुर - उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्गत निर्देश के अनुपालन में योजनाओं के संतृप्तीकरण के लिए आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने के लिए दिनांक 21.11.2023 से 26.01.2024 तक विकसित भारत संकल्प यात्रा के क्रम में जनपद के 07 विकास खण्डों के कुल 14 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन सम्पन्न हुआ। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में आयोजित चौपाल में विभिन्न लाभार्थियों से उनकी सफलता की कहानी की जुबानी सुनाई गई रीता देवी निवासी गोठौरा ने बताया कि मुझे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रधानमंत्री आवास मिला है, इससे पहले कच्चे मकान में रहती थी जिससे काफी कठिनाई होती थी अब कोई दिक्कत नही है, मैं मा0 प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद देती हूँ। गोठौरा निवासी मेवा लाल ने बताया कि मेरा राशन कार्ड बना है और कोटेदार से राशन मिल रहा है इससे मुझे अपने परिवार के भरण पोषण में कोई कठिनाई नही हो रही हैं, मै प्रदेश सरकार को धन्यवाद देता हूँ।

विकास खण्ड नरायनपु ? में ग्राम पंचायत नियमापुर खुर्द, बेला, विकास खण्ड-सिटी में ग्राम पंचायत जिउती, गुरूसण्डी, विकास खण्ड मझवा में ग्राम पंचायत, मितई, गोतवा, विकास खण्ड-राजगढ़ के ग्राम पंचायत ददरा, सेमरा बरही, विकास खण्ड छानबे, के ग्राम पंचायत जासा बघौरा, सिंधुरिया, विकास खण्ड हलिया के ग्राम पंचायत बसौरा, बेदुर, एवं विकास खण्ड-जमालपुर के ग्राम पंचायत गोठौरा, सकरोड़ी में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यकम आयोजित हुआ। जनपद के 14 ग्राम पंचायतों में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा सम्बन्धित नामित नोडल अधिकारी के पर्यवेक्षण में की गयी। सभी 14 ग्राम पंचायतों में विभिन्न विभागों द्वारा 05 स्टाल लगाये गये, उन स्टालों पर प्रदर्शन के साथ ही उपस्थित जन समूह को जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गयी तथा आन स्पाट पंजीयन आन लाइन आवेदन की कार्यवाही की गयी। विभिन्न सांस्कृतिक गति-विधियां आयोजित की गयी। आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में मा0 प्रमुख क्षेत्र पंचायत/सदस्य जिला पंचायत/ग्राम प्रधान सहित अन्य मा0 जनप्रतिनिधिगण के साथ-साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण भी उपस्थित रहे। प्रत्येक विकसित भारत संकल्प यात्रा में उपस्थित विकास विभाग के अतिरिक्त अन्य विभागों के खण्ड स्तरीय अधिकारी/ग्राम पंचायत स्तरीय अधिकारियों एवं स्थानीय जनता सहित कुल प्रतिभागियों की संख्या 7043 रही है। इस प्रकार ग्राम पंचायतों में मा0 जनप्रतिनिधि एवं जिला स्तरीय अधिकारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति में विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यकम सम्पन्न हुआ।

# पुलिस और चोर लुटेरों में मुठभेड़, दो घायल-पांच गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**

गाजीपुर जिले पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर द्वारा अपराध एवम् अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी के निकट पर्यवेक्षण की रात को थाना मरदह अंतर्गत क्षेत्र में थानाध्यक्ष मरदह व चौकी प्रभारी मटेहु, मरदह चेकिंग/तलाश संदिग्ध व्यक्ति/नकबजन व वाहन थे कि जरिये मुखबिर खास प्राप्त सूचना पर कि कस्बा मरदह स्थित पावर हाउस के पीछे स्थित खंडहर में कुछ संदिग्ध व्यक्ति छिपे हैं जो चोर/लुटेरे हो सकते हैं और क्षेत्र में चोरी/लूट/डकैती की योजना बना रहे हैं, उपरोक्त खंडहर की पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी की गयी तो खंडहर में छिपे व्यक्तियों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया जिसपर आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा किये गए जवाबी फायरिंग में 02 बदमाशों को पैर में गोली लगी जिससे वह घायल हो गये हैं तथा मौके से 03 अन्य और बदमाश हिरासत में लिये गये हैं। घायल बदमाशों को प्राथमिक उपचार हेतु स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। बदमाशों के कब्जे से 02 अदद तमंचा .315 बोर तथा 04 अदद खोखा कारतूस व 02 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर, चोरी करने के विभिन्न उपकरण, आसपास के क्षेत्रों से चोरी किये गये विभिन्न धातुओं के भिन्न भिन्न गहने, चोरी के 4200 रु नगद बरामद किया गया जिसके सम्बन्ध में थाना मरदह पर अभियोग पंजिकृत कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस टीम को उत्साहवर्धन हेतु 25000 रुपए नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

# अनियंत्रित बाइक से गिरकर बाइक सवार दो युवक घायल, ट्रामा सेंटर रेफर

राजगढ़, मिजार्पुर। राजगढ़ थाना क्षेत्र के कोन भरूहवा गांव के बकहर नदी के पास अनियंत्रित बाइक से गिरने से बाइक सवार दो युवक गम्भीर रूप से जख्मी हो गए।दोनो घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती किया गया।जहा हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया गया। सोनभद्र जनपद के कर्मा थाना अंतर्गत बैडाड गांव निवासी हर्ष शुक्ल 19 वर्ष तथा संजय सिंह 17 वर्ष सोमवार की रात लगभग 8 बजे रात नदिहार बाजार से अपने घर जा रहे थे।जैसे ही कोन भरूहवा गांव के बकहर नदी पुल के पास पहुचे।कि बाइक अनियंत्रित होने से दोनो सड़क पर गिर गए।जिससे गम्भीर रूप से जख्मी हो गये। दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती किया गया। जहां आकस्मिक ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर सर्वेश कुमार पांडेय प्राथमिक इलाज के बाद घायलों की हालत गंभीर देख, ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिए।

# ट्रक की टक्कर से मां, बेटे एवं बेटी की हुयी मौत

**मायके से ससुराल जा रही थी बेटी**

**अमन लेखनी समाचार**

राजगढ़, मिजार्पुर। राजगढ़ थाना क्षेत्र के राजगढ़ चुनार मार्ग पर इंदिरानगर के पास मंगलवार दोपहर ट्रक के धक्के से बाइक सवार माँ व बेटी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी।जबकि पुत्र गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। ईलाज के दौरान घायल पुत्र की भी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार चुनार थाना क्षेत्र के रामपुर सक्तेशगढ़ गांव निवासी रामदुलार गौड़ 47 वर्ष पुत्र स्व. शिव मूरत अपनी मां शकुंतला 65 वर्ष एवं बहन अनीता 40 वर्ष पत्नी रामवृक्ष गौड़ निवासी बहुआर सोनभद्र को बाइक पर बैठाकर अपने घर रामपुर शत्तेसगढ़ से बहुआर सोनभद्र अनीता के ससुराल माँ व बहन को पहुचाने जा रहा था। इंदिरा नगर गांव के पास पहुंचा ही था की पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवारों को धक्का मार दिया। जिससे बाइक सवार मां, बेटी व पुत्र सड़क पर गिर गए। तेज रफ्तार ट्रक मां शकुंतला देवी तथा बेटी अनीता को कुचलते हुए आगे निकल गई।जिससे घटनास्थल पर ही मां व बेटी की मौत हो गई। बाइक सवार पुत्र रामदुलारे गंभीर रूप से जख्मी हो गया। ट्रक चालक मौके पर ट्रक छोड़कर फरार हो गया।घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस घायल राम दुलारे को एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर देख चिकित्सक ने मंडलीय चिकित्सालय मिजार्पुर रेफर कर दिया। ईलाज के दौरान घायल रामदुलार की मौत हो गई।पुलिस शवों का पंचनामा कर अन्त्य परीक्षण के लिए भेजते हुए ट्रक को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है।इस संबंध में राजगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक विजय शंकर सिंह पटेल ने बताया कि ट्रक के धक्के से बाइक सवार मां बेटी की मौत हो गई है तथा पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। ईलाज के दौरान घायल रामदुलार की मौत हो गई है। मृतका अनीता रविवार को अपने ससुराल बहुआर सोनभद्र से अपने मायके रामपुर सक्तेशगढ़ आई हुई थी।

# दो सप्ताह में तीसरी बार भूमिगत केबिल कटने से ग्यारह घंटे गुल रही बिजली

**एनएचआई विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही के चलते आये दिन हो रहा 33 केवी केबिल फॉल्ट**

**अमन लेखनी समाचार**

**लखनऊ।** निर्माणाधीन लखनऊ हरदोई राजमार्ग पर खोदाई के दौरान बिजली की भूमिगत केबिल कट गई, जिससे एक उपकेंद्र की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। मंगलवार सुबह से मलिहाबाद के क्षेत्र के दर्जनों गावं बिजली आपूर्ति से प्रभावित रहे इससे पेयजल का संकट गहरा गया है, उधर, भूमिगत लाइन का फाल्ट ढूंढने में बिजली कर्मचारियों ने कई घंटे लगा दिए। वहीं एक लाख से अधिक आबादी को पानी की किल्लत से जूझना पड़ा।

रहीमाबाद थाने के पास निमार्णाधीन लखनऊ हरदोई राजमार्ग पर खोदाई पर दो सप्ताह में तीसरी बार मंगलवार को हाईवे पर रहीमाबाद में एनएचआई कार्यदायी संस्था की जेसीबी ने सुबह करीब 9 बजे बिजली की भूमिगत लाइन को काट दिया। जिससे एक उपकेंद्र की बिजली गुल हो गई। उधर, फॉल्ट ढूंढने में कर्मचारियों को दोपहर से शाम हो गई। मंगलवार शाम करीब साढ़े आठ बजे बिजली आपूर्ति को बहाल किया गया। इसके बाद लोगों को राहत मिली। एक वर्ष में 11 बार 33 केवी केबिल फॉल्ट हो जाने का उपाय विद्युत विभाग नहीं ढूंढ सका। सड़क निर्माण में लगे कर्मचारियों की लापरवाही से पिछले एक वर्ष से जेसीबी मशीन द्वारा खुदाई के दौरान 11 बार भूमिगत केबिल काट दिए जाने से आम जनता पानी के लिए तरसती रही। बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा कई बार शिकायत करने के बावजूद प्राधिकरण कर्मियों के रवैए में कोई अंतर नहीं आया।

वहीं विद्युत विभाग जूनियर इंजीनियर त्रिभुवन सिंह ने बताया कि जेसीबी मशीन से भूमिगत लाइन क्षतिग्रस्त हुई है, फाल्ट को ढूंढ़ने में थोड़ा समय लगा। हाईटेंशन मशीनें मंगाई गईं, जिसके जरिए भूमिगत लाइनों के फाल्ट को ढूंढा गया। इसके बाद फाल्ट ठीक किया गया।



केबिल फाल्ट, मरम्मती करण करते बिजली कर्मचारी

# जनपद में संपन्न हुई रसोईया पाक कला प्रतियोगिता



**अमन लेखनी समाचार**

फतेहपुर, जनपद के प्रेक्षा गृह में रसोईया पाककला प्रतियोगिता हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे ठाकुर अभय प्रताप सिंह का शिक्षा विभाग समेत विभागीय अधिकारी कर्मचारियों ने भव्य स्वागत किया इस दौरान जनपद के लगभग आधा सैकड़ा से अधिक शिक्षकों इस प्रशिक्षण में अनाज से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद ठाकुर अभय प्रताप सिंह ने भी अपने संबोधन में अनेक जानकारियां का आदान-प्रदान किया वहीं कृषि विभाग से संबंधित कई कृषि वैज्ञानिकों एवं प्रबुद्ध जनों ने भी कार्यक्रम में शिरकत प्रदान की इस मौके पर देवमई विकासखंड के जगदीशपुर प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका कल्पना गौतम पहाड़ीपुर के शिक्षक पवन कुमार अग्निहोत्री टिकरा की शिक्षिका अंजली मिश्रा भैसौली के शिक्षक फैजान अहमद समेत जनपद के अनेक क्षेत्रों के शिक्षक एवं अधिकारीगण मौजूद रहें

# विषाक्त पदार्थ के सेवन से महिला की मौत, मायके पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप

**अमन लेखनी समाचार/हेमंत यादव**

गरौठा, झाँसी। मामला कोतवाली गरौठा अंतर्गत ग्राम दुरखुरु का है जहाँ विषाक्त पदार्थ के सेवन से एक महिला की मौत हो गई।वही मायके पक्ष के लोगों ने ससुराली जनों पर जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। चमेली (30) पत्नी कमलेश अहिरवार निवासी ग्राम दुरखुरु कोतवाली गरौठा ने सोमवार को किसी कारणवश विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया था। परिजनों द्वारा महिला को इलाज के लिए झांसी ले जाया गया।जहाँ मंगलवार की सुबह इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। झाँसी में पोस्टमार्टम के बाद महिला के शव को ग्राम दुरखुरु ले जाया जा रहा था।इसी दौरान ग्राम रतवास टीकमगढ़ मध्यप्रदेश निवासी मृतिका के परिजनों ने गरौठा पेट्रोल पम्प के पास मृतिका के शव को रोक लिया और ससुरालीजनों पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्यवाही की मांग करने लगे। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनय दिवाकर ने मृतिका के परिजनों को समझाने का काफी प्रयास किया लेकिन परिजनों ने विना कार्यवाही के शव को ले जाने से मना कर दिया।स्थिति बिगड़ती देख थाना ककरवई, थाना गुरसराय व थाना एरच पुलिस को भी मौके पर बुला लिया गया।उच्चाधिकारियों से बातचीत करने और दोषी ससुरालीजनों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही का आश्वासन मिलने पर मायके पक्ष के लोग मृतिका के शव को ले जाने के लिए सहमत हुए। बताया जा रहा है की मृतिका के घर में आये दिन गृह क्लेश होता रहता था। मृतिका की शादी करीब 10 वर्ष पूर्व हुई थी। मृतिका का एक लड़का व एक लड़की भी है।

# दबंग ने तोड़ा इंटरलॉकिंग मार्ग, शिकायतकर्ता को दे रहा जान माल की धमकी

**लिखित सूचना प्राप्त होने के बाद भी शासन प्रशासन मौन**

**अमन लेखनी समाचार**



नाली तोड़ता युवक, टूटी हुई नाली

अमौली, फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत देवचली गांव में गांव का दबंग गुलाब सिंह पुत्र लाखन सिंह ने विकास कार्यों पर बाधा डालते हुए गांव में पड़ी इंटरलॉकिंग तथा नाली तोड़कर कब्जा करने का प्रयास किया जिसे देख पड़ोसी प्रभाकर वर्धन पुत्र रामनारायण ने लिखित तहरीर देते हुए थाना चांदपुर में बताया कि लगभग 20 वर्ष पहले गांव में बाबूराम यादव के मकान से मूलचंद के प्लाट तक खरंजा था जिसे विकास कार्य में डालते हुए ग्राम पंचायत द्वारा इंटरलॉकिंग एवं नाली का निर्माण कराते हुए सुंदरी करण कराया गया पीड़ित के मकान के बगल में एक कुआं है तथा उसके समीप खाली जमीन को देख उक्त दबंग ने जमीन में अनाधिकृत रूप से कब्जा करने का प्रयास किया जिसे लेकर इंटरलॉकिंग तथा नाली को क्षतिग्रस्त कर दिया पीड़ित ने बताया कि आज भी सरकारी अभिलेखों में कुआं दर्ज है जिसे उक्त व्यक्ति नष्ट करने का पूर्ण प्रयास कर रहा है स्थानीय थाना प्रशासन के साथ-साथ पीड़ित ने उप जिला अधिकारी बिंदकी को भी लिखित शिकायत पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई परंतु ग्रामीण गुलाब सिंह की दबंगई के आगे शासन प्रशासन ने भी अभी तक धृतराष्ट्र की भूमिका अदा की वही शिकायतकर्ता को ग्रामीण गुलाब सिंह द्वारा जान से मारने की धमकी दी जा रही है देखना यह है कि सरकारी अभिलेखों में दर्ज कुंआ को बचाते हुए पीड़ित को न्याय देने में उच्च अधिकारी कहां तक सार्थक सिद्ध होते हैं

# लूटपाट करने वाला अंतर्जनपदीय गैंग पुलिस हिरासत में

**कार, बाइक, चाकू, तमंचा व दो जिन्दा कारतूस बरामद**

**अमन लेखनी समाचार**



औग, फतेहपुर। थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे स्थित छिवली नदी के पुल से थोड़ा पहले गत दिवस अंतर्जनपदीय गैंग को पकड़ने में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है, साथ में लूटपाट में लिप्त एक होंडा अमेज कार एक बिना नम्बर की अपाचे बाईक भी बरामद हुई है। साथ ही कार में एक नाजायज चाकू एक देशी तमंचा 315 बोर, दो जिन्दा कारतूस तथा लूट के नौ हजार सात सौ नब्बे रुपए बरामद हुए हैं। प्राप्त विवरण के अनुसार 14 अगस्त 2023 को इसी कार में कदम सिंह पुत्र मोतीलाल निवासी ग्राम रामनगर नरोत्तमपुर थाना खागा को फतेहपुर जाने के लिए आशापुर डाक बंगले के पास से लिफ्ट दी गई। रास्ते में कनपटी में तमंचा लगाकर इनके पास से 15 हजार रुपए लूटे तथा मोबाइल से पासवर्ड लेकर फोनपे से 48 हजार पांच सौ रुपए ट्रान्सफर कर लिए थे। भुक्तभोगी ने थाना औंग में अज्ञात चोरों व अज्ञात वाहन के खिलाफ घटना की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। उसी दिन से पुलिस को इस गैंग की तलाश थी। थानाध्यक्ष विद्यादेवी ने बताया है कि पकड़े गए तीनों बदमाश अलग अलग जिलों में घूम घूम कर वारदात को अंजाम देते हैं। अंतर्जनपदीय स्तर के अभियुक्त शैलेन्द्र कुमार उर्फ शैलू उर्फ कार्तिक उर्फ शिवम पुत्र राकेश कुमार सोनकर निवासी ग्राम कस्बा अमौली थाना चांदपुर (22 वर्ष) रोहित कुमार उर्फ मारुति पुत्र रामस्वरूप प्रजापति निवासी ग्राम शाह थाना गाजीपुर (25 वर्ष) तथा रंजीत कुमार पुत्र दिनेश कश्यप निवासी ग्राम अमौली थाना चांदपुर (24 वर्ष) के रूप में पहचान हुई है जिनका अपराधिक इतिहास जनपद कानपुर नगर में थाना चकेरी व थाना बर्रा में धारा 379, 356, 411, 414, 394 में पंजीकृत है।महिला एसओ विद्या देवी के नेतृत्व में एसआई हरिनाथ सिंह, कांस्टेबल बोबी सिंह, विवेक सिंह, रामसिंह, हरेश कुमार, अनिल यादव, हरीश कुमार की टीम ने इस गैंग को पकड़ने सफलता प्राप्त की।

# कस्बे में फाउंडेशन द्वारा मनाई गई जोधा सिंह अटैया की 201 वीं जयंती

**अमन लेखनी समाचार**

बिंदकी, फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के जनपद फतेहपुर में शहीद ठाकुर जोधा सिंह अटैया की जन्मस्थली पर उनकी 201वीं जयंती के शुभ अवसर पर शौर्य गाथा कार्यक्रम, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं दीपोत्सव आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत जोधा सिंह अटैया फाउंडेशन के तत्वाधान में अमर शहीद ठाकुर जोधा सिंह अटैया कंपोजिट विद्यालय रसूलपुर पधारा देवमई फतेहपुर में शौर्य गाथा का कार्यक्रम एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। शहीद जोधा सिंह के वंशज व जोधा सिंह अटैया फाउंडेशन के अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह उर्फ दद्दू बाबा ने सर्वप्रथम राष्ट्रीय ध्वज फहराया। तत्पश्चात विद्यालय के सभी बच्चों ने सामूहिक राष्ट्रीय गान गया। इस पुनीत अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या तथा अध्यापक अध्यापिकाएं उपस्थिति रहे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए फाउंडेशन के सचिव दिलीप पांडे ने जोधा सिंह अटैया शौर्य गाथा का उल्लेख किया उन्होंने बताया कि जोधा सिंह जी ने किस प्रकार से राष्ट्र को स्वतंत्र करने के लिए अपना सब कुछ निछावर कर दिया और राष्ट्र के क्रांतिकारीयों में अपना अग्रिम पंथ में नाम उल्लेख कराया उनके शौर्य पराक्रम के कारण ही अंग्रेजों के हाथ पैर काप जाते थे। इसी कड़ी में संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय सिंह ने विद्यालय प्रधानाचार्या को स्मृति चिन्ह भेंट किया। विद्यालय के अध्यापक अध्यापिकाओं को भी स्मृति भेंट किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कृति किया गया कार्यक्रम के समापन पर सभी बच्चों को बिस्कुट का वितरण किया गया। शाम को जोधा सिंह अटैया जी के जन्म स्थल पर दीपदान का आयोजन किया गया। जिस दौरान कुल 101दीपों से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई और शपथ ली गई कि हम सभी देशवासी राष्ट्र में जोधा सिंह अटैया जैसा ही कार्य करेंगे, राष्ट्र का नवनिर्माण करेंगे और राष्ट्र के नवनिर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।

इस अवसर पर सुनील गौतम, अर्चना देवी, लक्ष्मी देवी, बृजेश वर्मा एवं संस्था के पदाधिकारी उपाध्यक्ष रितेश सिंह, संगठन मंत्री शरद ओमर, कोषाध्यक्ष रत्नेश आदि लोग उपस्थित रहे।

# बकेवर मेले का हुआ शुभारंभ, लोगो की लगी भीड़

**अमन लेखनी समाचार/निर्मित द्विवेदी**

बिंदकी, फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के जनपद फतेहपुर के बकेवर कस्बा में मंगलवार को पांच दिवसीय मेले का शुभारंभ हुआ। मेले के पहले दिन भगवान राम की निकासी निकाल कर शुरूआत की गई साथ ही महिलाओं ने मेले में सस्ते माल की खरीदारी की तो वहीं बच्चों ने छोटे-बड़े झूले का आनंद लिया। मेले के आयोजक मनोज शुक्ला और उनके सहयोगी मयंक शुक्ला, दादा दीक्षित, अनमोल अवस्थी, अवधेश पाल, दीपक गुप्ता, ओम जी अवस्थी आदि लोग मौजूद रहे और आयोजको ने बताया कि मेले में दूसरे दिन लंका दहन, तीसरे दिन लक्ष्मण शक्ति, चौथे दिन रावण वध व पांचवे दिन हटिया के साथ समापन किया जाएगा।

# पेड़ों की कटान पर विभाग आखिर क्यों बना धृतराष्ट्र

**पूर्ण जानकारी होने के बाद भी क्षेत्राधिकारी पर्दा डालने का कर रहे पूर्ण प्रयास**

**अमन लेखनी समाचार**



अमौली, फतेहपुर। जनपद के अनेक क्षेत्रों में पर्यावरण को हानि पहुंचाने वालों की संख्या एक सैकड़ा से अधिक हो चुकी है जिसमें जगह-जगह विभागीय कर्मचारी का रहमों करम पूर्ण रूप से बना हुआ है हाल ही में जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत आजमपुर गढ़वा में एक भारी आम का पेड़ अवैध रूप से काट दिया गया जिसकी सूचना मिलने के बाद भी क्षेत्राधिकारी विवेकानंद द्वारा मीडिया को केवल एक आश्वासन दिया गया चार दिन बीत जाने के बाद भी अवैध कटान करा रहे लकड़ी माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही करनी क्षेत्रीय अधिकारी ने उचित नहीं समझी इससे साफ जाहिर होता है कि पर्यावरण को हानि पहुंचाने में लकड़ी माफियाओं के साथ-साथ विभागीय अधिकारी कर्मचारियों का भी पूर्ण रूप से रहमोकरम है इस मामले को लेकर जिला वन अधिकारी को भी सूचना दी गई परंतु किसी कारणवश फोन संपर्क नहीं हो सका इसी तरह अगर अवैध लकड़ी कटान करने वालों के ऊपर विभागीय कर्मचारियों का हाथ बना रहा तो निश्चित रूप से क्षेत्र समेत समूचे जनपद के हरे वृक्ष जल्द ही इलेक्ट्रानिक मशीनों के आघात पर होंगे देखना यह है कि ऐसे आपराधिक मामलों पर विभाग अपनी नजर कब तक डालता है तथा ऐसे भ्रष्ट कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही करना कब तक उचित समझेगा

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**



# 'सालार' के दूसरे ट्रेलर में दिखी जिगरी दोस्तों की कट्टर दुश्मनी

**नई दिल्ली।** इस साल की मचअवेटेड फिल्म 'सालार' का दूसरा ट्रेलर रिलीज हो गया है। वहीं फिल्म के दूसरे ट्रेलर की बात करें तो 2.54 मिनट का यह ट्रेलर आपके होश उड़ा गड़ा देगा। फिल्म की कहानी पर्शियन साम्राज्य के सुल्तान की है। उनके जीवन में चाहे कितनी भी मुश्किल क्यों ना आए, वे अपने खूंखार सेना को बिना बताए सिर्फ एक को कहता था। सुलतान जो भी कहता वह उसे लाकर देता था और जो ना चाहे उसे मिटा देता था, लेकिन कहानी में ट्विस्ट तो तब आएगा जब सुलतान की जीहजूरी करने वाला उसका ये दोस्त कट्टर दुश्मन बन जाता है। बता दें कि पृथ्वीराज सुकुमारन फिल्म में सुलतान का किरदार निभा रहे हैं, जो एक विलेन है।

## लाइफ Style

# जया 'कड़क सिंह' में करेगी डेब्यू

एजेंसी ⏭ मुंबई

बांग्लादेश की पांच बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री राष्ट्रीय पुरस्कार की विजेता जया अहसन, जानेमाने अभिनेता पंकज त्रिपाठी के साथ अनिरुद्ध रॉय चौधरी के निर्देशन में बनी फिल्म "कड़क सिंह" से बॉलीवुड में कदम रखेंगी। जया ने पहले बंगाली भाषा में भारतीय फिल्मों में अभिनय किया है और इसके लिए कई पुरस्कार भी जीते हैं। एक मॉडल के रूप में अपना करियर शुरू करने वाली अभिनेत्री ने 110 से अधिक बंगलादेशी और भारतीय बंगाली फिल्मों, टीवी धारावाहिकों, टेलीफिल्मों और वेब शो में काम किया है और दोनों देशों में फिल्मों का निर्माण किया है। जया ने कहा यह मेरी पहली हिंदी भाषा की फिल्म है और जैसा कि कहा जाता है 'हजारों मील की यात्रा एक कदम से शुरू होती है'। कड़क सिंह मेरा पहला कदम है। इस साल आईएफएफआई में जया की चार फिल्में प्रदर्शित की गईं, जिनमें उनकी पहली ईरानी फिल्म 'फरेश्ता' और उनकी पहली हिंदी फिल्म 'कड़क सिंह' शामिल हैं। अभिनेत्री एक प्रशिक्षित क्लासिक गायिका भी हैं और उनके पास रवीन्द्र संगीत में डिप्लोमा है। हिंदी सिनेमा में जया की शुरुआत दर्शकों पर एक अमिट छाप छोड़ने के लिए तैयार है, जो उन्हें एक बहुमुखी अभिनेत्री बनाएगी।

जया ने कहा यह मेरी पहली हिंदी भाषा की फिल्म है और जैसा कि कहा जाता है 'हजारों मील की यात्रा एक कदम से शुरू होती है'। कड़क सिंह मेरा पहला कदम है। इस साल आईएफएफआई में जया की चार फिल्में प्रदर्शित की गईं, जिनमें उनकी पहली ईरानी फिल्म 'फरेश्ता' और उनकी पहली हिंदी फिल्म 'कड़क सिंह' शामिल हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# अभिनेता एक्सेलरोड नहीं रहे

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता जैक एक्सेलरोड का निधन हो गया है। उन्होंने 93 वर्ष की आयु में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। अभिनेता के प्रतिनिधि जेनिफर गारलैंड ने उनके निधन की सूचना दी और बताया कि एक्सलरोड की 28 नवंबर को लॉस एंजिल्स में प्राकृतिक कारणों से मृत्यु हो गई। जैक एक्सेलरोड ने टेलीसीरीज 'जनरल हॉस्पिटल' में 1987 से 1989 तक 40 एपिसोड के लिए विक्टर जेरोम की भूमिका निभाई।




# 'रिबेल मून' बनाने के लिए जैक को कहां से मिली प्रेरणा?

**लॉस एंजिल्स।** 'रिबेल मून पार्ट 1: ए चाइल्ड ऑफ फायर' अपनी रिलीज के लिए तैयार है। जैक स्नाइडर की यह मूवी 15 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इसके बाद यह 22 दिसंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। हाल ही में इसका ट्रेलर लॉन्च हुआ, जिसे दर्शकों का बेशुमार प्यार मिला। फैंस इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार है। वहीं, अब जैक स्नाइडर 'रिबेल मून' के पीछे अपनी प्रेरणा और इसे जीवन में लाने की प्रक्रिया के बारे में बात करते देखे गए हैं। 'रिबेल मून पार्ट 1: ए चाइल्ड ऑफ फायर' उन कॉलेज के दिनों से, यह विचार विकसित हुआ, जो स्नाइडर की अटूट महत्वाकांक्षा में निहित एक साहसी, दो-भाग की गाथा बन गया। इस भावना को प्रतिबिंबित करते हुए, दो फिल्मों को बैक-टू-बैक शूट करने और एक विस्तारित कट शामिल करने का निर्णय फिल्म के सार को प्रदर्शित करता है।



# तृप्ति बिजनेसमेन को कर रहीं डेट...

**मुंबई।** रणबीर कपूर स्टारर फिल्म एनिमल से तृप्ति डिमरी की किस्मत ही पलट गई है और वे नेशनल सेंसेशन बन चुकी हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं 'एनिमल' की 'भाभी नंबर 2' रियल लाइफ में किसे डेट कर रही हैं? बता दें कि तृप्ति के पहले एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा के भाई कर्णेश शर्मा को डेट करने के रुमर्स थे हालांकि दोनों ने कभी पब्लिकली एक दूसरे के संग रिलेशनशिप में होने की बात को कुबूल नहीं किया है। अब खुलासा हुआ है कि तृप्ति मॉडल से बिजनेसमैन बने सैम मर्चेंट को डेट कर रही हैं। सैम मर्चेंट के इंस्टाग्राम बायो में बताया गया है कि वह वाटर्स बीच लाउंज एंड ग्रिल के फाउंडर हैं जो गोवा में स्थित है। वहीं मीडिया खबरों के मुताबिक, सैम मर्चेंट पहले एक मॉडल थे और 2002 में ग्लैडरैग्स मैनहंट कॉन्टेस्ट के विनर भी रहे थे।



# बांग्ला 'काबुलीवाला' में आएंगे नजर

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती बांग्ला फिल्म काबुलीवाला में काम करते नजर आएंगे। गुरुदेव रविंद्रनाथ टैगोर की लघु कहानी काबुलीवाला पर वर्ष 1961 में फिल्म काबुलीवाला प्रदर्शित हुई थी। इस फिल्म में बलराज साहनी ने अब्दुल रहमान खान की भूमिका निभाई थी। उससे पहले वर्ष 1957 में प्रदर्शित इसी कहानी पर बनी बांग्ला फिल्म काबुलीवाला में छवि बिस्वास ने रहमत की भूमिका निभाई थी। अब बांग्ला भाषा में बनी सुमन घोष निर्देशित फिल्म काबुलीवाला में मिथुन चक्रवर्ती ने रहमत की भूमिका निभाई है।जिओ स्टूडियो और एसवीएफ द्वारा निर्मित यह फिल्म 22 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। मिथुन चक्रवर्ती ने कहा कि यह कहानी अफगानिस्तान या हिंदुस्तान के बारे में नहीं है। यह प्यार, इमोशन के बारे में है।

## टीवी मसाला



# दूल्हा बने 'जेठालाल' के 'टप्पू' दयाबेन भी आईं नजर...

**नई दिल्ली।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा में जेठालाल का रोल निभाकर फेमस हुए दिलीप जोशी के बेटे की सोमवार को शादी हुई। जोशी परिवार जश्न के माहौल में डूबा है। सोशल मीडिया पर दिलीप के बेटे की शादी का वीडियो काफी वायरल है। इस शादी के फंक्शन में तारक मेहता का उल्टा चश्मा की कास्ट भी नजर आईं। शो में दयाबेन का रोल निभाने वाली एक्ट्रेस दिशा वकानी भी इस जश्न में शामिल हुईं। दिशा वकानी को शादी के फंक्शन में देख फैंस काफी एक्साइटेड हैं।

### फैमिली संग दिखे दिलीप जोशी

सोशल मीडिया पर वायरल शादी के इस वीडियो में दिलीप जोशी अपनी पूरी फैमिली और बेटे के साथ नजर आ रहे हैं। सभी लोग काफी खुश और एक्साइटेड लग रहे हैं। जेठालाल को व्हाइट कलर की शेरवानी और पगड़ी पहने दिख रहे हैं। वहीं उनकी बेटी नियति ब्लू साड़ी पहने नजर आईं।

### अन्य कलाकार भी रहे मौजूद

शादी के फंक्शन में सुनैना फौजदार, कोमल हाथी का रोल निभाने वालीं अंबिका, नितीश भलुनी, पलक सिधवानी, आत्माराम का रोल निभाने वाले मन्दार चंदवादकर और उनकी पत्नी स्नेहल भी नजर आईं।

### बेटी संग दिखीं दिशा वकानी

वहीं शादी के फंक्शन की जो तस्वीरें वायरल हैं, उनमें दयाबेन यानि दिशा वकानी पिंक कलर के सूट में दिख रही हैं। दिशा वकानी की क्यूट सी बेटी भी साथ में पोज देती दिख रही हैं। वो शो में दिलीप जोशी की पत्नी के रोल में नजर आई थीं। शो में दिलीप और दिशा के बेटे का नाम टप्पू है। मालूम हो कि दिशा वकानी कई सालों से शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा से गायब हैं।

# 41 मजदूर, 17 दिन जिंदगी और मौत की जंग जल्द शुरू होगी 'मिशन सिलक्यारा' की शूटिंग

**देहरादून।** बॉलीवुड फिल्म प्रोड्यूसर मयंक मधुर जल्द ही उत्तराखंड टनल हादसे पर 'मिशन सिलक्यारा' नाम से फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसमें प्रधानमंत्री कार्यालय और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के बीच के कॉर्डिनेशन और मजदूरों को बचाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार के आपसी सहयोग को दिखाया जाएगा। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी फिल्म का मुहूर्त करेंगे और फिल्म की शूटिंग इसी महीने से होने जा रही है।



### निर्माता नहीं लेना चाहते कोई रिस्क

हालांकि, निर्माता इस फिल्म में 'मिशन रानीगंज' फिल्म में हुई चूक को लेकर बिल्कुल रिस्क नहीं लेना चाहते हैं, इसलिए वे मिशन के बारे में समझने और वास्तविकता के भाव को कलाकारों के भीतर उतारने के लिए रात-दिन कड़ी मेहनत कर रहे हैं। गौरतलब है कि उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में सिलक्यारा सुरंग में 17 दिनों तक फंसे रहने के बाद सभी 41 मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था।

### जिद्द और जुनून की जद्दोजहद फिल्माएंगे

फिल्म में जिद्द और जुनून के बीच जिंदगी बचाने की जद्दोजहद को बहुत ही बारीकी से दिखाया जाएगा। फिल्म निर्माता पत्रकारों, स्थानीय लोगों से लगातार बातचीत कर रही है, ताकि घटना की बारीकी से बारीकी जानकारी दर्शाने में भूल न हो। फिल्म में म्यूजिक के लिए मशहूर सिंगर जुबिन नौटियाल को लेने पर बात चल रही है।

# इन तीनों में कौन हैं रियल रणवीर सिंह...!



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के सबसे पापुलर एक्टर कहे जाने वाला रणवीर सिंह यानि गली बॉय ने एक खास उपलब्धि हासिल की है। जी हां, मैडम तुसाद म्यूजियम में रणवीर सिंह का वैक्स स्टैच्यू लगा है। दिलचस्प बात ये है कि रणवीर सिंह पहले ऐसे बॉलीवुड के सेलिब्रिटी हैं, जिनके एक नहीं बल्कि दो मोम की मूर्ति लगाई हैं। वहीं इन तस्वीरों को देखकर फैंस के लिए ये पहचान पाना मुश्किल हो जाएगा कि असली रणवीर सिंह कौन से हैं। वहीं इसकी तस्वीरें रणवीर सिंह ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर भी शेयर की हैं। फैंस रणवीर सिंह को ढेर सारी बधाइयां दे रहे हैं।

## शाहरुख की डंकी से प्रभास की सालार पूरे 88 लाख रुपए चल रही है पीछे

# 'डंकी' और 'सालार' में कांटे की टक्कर, प्री टिकट सेल में कौन किस पर भारी

***मुंबई।** बॉक्स ऑफिस पर अक्सर फिल्मों का क्लैश होता रहता है. हाल ही में 'एनिमल' और 'सैम बहादुर' का टकराव देखने को मिला था। वहीं अब इस लिस्ट में शाहरुख खान और प्रभास की अपकमिंग फिल्में शामिल होने जा रही हैं। दरअसल 'डंकी' और 'सालार' एक दिन के आगे पीछे रिलीज हो रही हैं। ऐसे में बॉक्स ऑफिस पर इन दो बड़ी फिल्मों का बड़ा क्लैश होने जा रहा है।*

### कब रिलीज होंगी 'डंकी' और 'सालार'

जहां शाहरुख कल रात 'डंकी' को प्रमोट करने के लिए दुबई में थे, वहीं 'सालार' के निर्माता ने फिल्म की रिलीज से ठीक 3 दिन पहले आज फिल्म का दूसरा ट्रेलर लॉन्च कर दिया। यह देखना दिलचस्प होगा कि यहां से दोनों फिल्मों का सफर कैसा रहता है।




### 'डंकी' और 'सालार' में कौन चल रहा आगे

'डंकी' और 'सालार' का बॉक्स ऑफिस पर तो टकराव होने ही वाला है। वहीं उससे पहले शाहरुख और प्रभास की फिल्मों के बीच एडवांस बुकिंग में भी टफ कंप्टीशन देखने को मिल रहा है। इसमें 'डंकी' बाजी जीतते हुए नजर आ रही है। प्री टिकट सेल में शाहरुख खान की फिल्म प्रभास स्टारर मूवी से बढ़त बनाए हुए है।

### दोनों की स्टार कास्ट व रिलीज डेट

बता दें कि 'डंकी' का डायरेक्शन राजकुमार हिरानी ने किया है। फिल्म में शाहरुख खान के अलावा तापसू पन्नू, बोमन ईरानी और विक्की कौशल सहित कईं कलाकार अहम किरदारों में नजर आएंगें। ये फिल्म सिनेमाघरों में 21 दिसंबर को रिलीज होगी। वहीं प्रभास की 'सालार' का निर्देशन प्रशांत नील ने किया है। फिल्म में प्रभास की अलावा श्रुति हसन, पृथ्वीराज सुकुमारन ने अहम रोल प्ले किया है. ये फिल्म सिनेमाघरों में 22 दिसंबर को रिलीज होगी।

### *किसकी कितनी टिकट बिकीं अभी तक*

*बॉक्स ऑफिस की रिपोर्ट के मुताबिक डंकी ने अपनी एडवांस बुकिंग के पहले दिन 1,44,830 टिकट बेचे हैं और अब तक इसने 4.46 करोड़ रुपये तक की कमाई भी कर ली है। वहीं सालार के अभी तक 1,53,705 टिकटें बिके हैं। एसआरके स्टारर की तुलना में प्रभास की फिल्म के 8875 टिकट ज्यादा बिके हैं, बावजूद इसके इसने लगभग 3.58 करोड़ रुपये का ही कलेक्शन किया है। यानी शाहरुख की डंकी से प्रभास की सालार पूरे 88 लाख रुपये पीछे चल रही है। अब इसका कारण यह भी हो सकता है कि भारत के दक्षिण में टिकट की कीमतें लिमिटेड हैं।*